26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : शुक्रवार , 22 मई , 2026
अंक- 207 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 8
www.dainikchingari.com

## 10 राज्यों की 24 राज्यसभा सीटों के लिए 18 जून को होंगे चुनाव

**नयी दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** चुनाव आयोग ने 10 राज्यों से राज्यसभा की 24 सीटों के लिए द्विवार्षिक चुनाव 18 जून को कराने की घोषणा की है। इन सीटों पर निर्वाचित सदस्यों का कार्यकाल आगामी जून और जुलाई माह में पूरा हो रहा है। इनमें आंध्र प्रदेश, गुजरात और कर्नाटक से चार-चार सीटें, मध्य प्रदेश, राजस्थान से तीन-तीन, झारखंड से दो तथा मणिपुर, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम से एक-एक सीट के लिए चुनाव कराया जाना है। चुनाव आयोग की शुक्रवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार इन चुनावों के लिए अधिसूचना पहली जून को जारी की जाएगी। नामांकन पत्र 8 जून तक भरे जा सकेंगे और उनकी जांच 9 जून को की जाएगी। नाम वापसी की तिथि 11 जून रखी गई है। मतदान 18 जून को सुबह 9:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक कराया जाएगा और उसी दिन शाम 5:00 बजे वोटों की गिनती शुरू होगी। मतदान प्रक्रिया 20 जून तक संपन्न हो जाएगी।

खुशखबरी! खुशखबरी!
स्पेशल ईद ऑफर
Ravi Interiors™
A Complete House of Interior
WALLPAPER HUB
ईद के मुबारक त्यौहार पर रवि इंटीरियर्स आपके सपनों के घर को सस्ते में सजाने का आकर्षक ऑफर लाया है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. P.V.C. CEILING PANEL | - | 140/- |
| 2. P.V.C. SUPER HEAVY | - | 170/- |
| 3. U.V. ROLL 10x4 F.T. | - | 480/- |
| 4. BLACK LINE FLUTED PANEL 10" | - | 240/- |
| 5. GOLD LINE FLUTED PANEL 12" | - | 350 |
| 6. W.P.C. PANEL 17 M.M. | - | 340/- |
| 7. U.V. SHEET 5D. | - | 2850/- |
| 8. U.V. SHEET 3D. | - | 2350/- |
| 9. U.V. SHEET DIGITAL | - | 2000/- |

* ऑफर 21 मई 2026 से ईद तक लागू!
पता- निकट सेंट मैरी स्कूल, देव हॉस्पिटल के सामने, नजीबाबाद रोड, बिजनौर (उ.प्र.)
मो. 7341126925, 7341126926

# भारत आएंगे अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान के विदेश मंत्री

**क्वॉड की बैठक 26 मई को**

**नयी दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बहुप्रतीक्षित बैठक आगामी 26 मई को यहां होगी, जिसमें शामिल होने के लिए अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो, ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग और जापान के विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोतेगी भारत की आधिकारिक यात्रा पर आ रहे हैं।विदेश मंत्रालय ने आज बताया कि बैठक में मुक्त और खुले हिन्द-प्रशांत क्षेत्र और अन्य पारस्परिक महत्व के अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर हाल के घटनाक्रमों पर विचार करेंगे। वक्तव्य में कहा गया है कि विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के निमंत्रण पर सुश्री पेनी वोंग, श्री मोतेगी तथा श्री रुबियो क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए नयी दिल्ली की आधिकारिक यात्रा करेंगे। मंत्रालय ने कहा है कि सभी सदस्य देश मुक्त और खुले हिन्द-प्रशांत के लिए क्वाड की परिकल्पना के अनुरूप पिछले वर्ष एक जुलाई को वॉशिंगटन में हुई चर्चाओं को आगे बढ़ाएंगे। वे प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में क्वाड सहयोग को आगे बढ़ाने पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। इसके अलावा सदस्य मौजूदा क्वाड पहलों की प्रगति की समीक्षा करेंगे, तथा हिन्द-प्रशांत क्षेत्र और अन्य पारस्परिक महत्व के अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर हाल के घटनाक्रमों पर विचार करेंगे। यात्रा के दौरान, ऑस्ट्रेलिया और जापान के विदेश मंत्रियों तथा अमेरिका के विदेश मंत्री के विदेश मंत्री डॉ जयशंकर के साथ द्विपक्षीय बैठकें करने तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भेंट करने की भी संभावना है।

बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़
बवासीर PILES
भगन्दर FISTULA
फिशर FISSURE

इस तकनीक द्वारा यह बीमारी भविष्य में कभी नहीं होती

डॉ. सुधांशु चौधरी
MS (Anorectal Surgeon)
( गुदा रोग विशेषज्ञ )
आने से पहले कॉल करें-
प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं प्रत्येक शुक्रवार बास्टा ( चांदपुर ) में मिलें
Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104
सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर
पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर
पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर

## दिल्ली दंगों के आरोपी उमर खालिद को 3 दिन की अंतरिम जमानत मिली

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगों की बड़ी साजिश से जुड़े यूएपीए मामले में पिछले साढ़े पांच साल से जेल में बंद जेएनयू के पूर्व छात्र नेता उमर खालिद को दिल्ली हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। अदालत ने मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए उमर खालिद की तीन दिनों की अंतरिम जमानत याचिका को स्वीकार कर लिया है। खालिद को यह राहत अस्पताल में भर्ती उनकी मां की मेजर सर्जरी के दौरान उनके साथ रहने के लिए दी गई है। हालांकि, हाईकोर्ट ने रिहाई के साथ बेहद कड़े प्रतिबंध भी लागू किए हैं। उनकी सुरक्षा और मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए उनके मूवमेंट के दायरे को पूरी तरह सीमित कर दिया है। जमानत शर्त में अदालत ने साफ किया है कि खालिद को दिल्ली में अपने तय पते (घर) पर ही रुकना होगा। वह केवल अपनी मां से मिलने अस्पताल जा सकते हैं, इसके अलावा उन्हें किसी भी अन्य जगह या सार्वजनिक स्थान पर जाने की अनुमति नहीं होगी।अंतरिम जमानत पर बाहर आने के लिए उमर खालिद को 1 लाख का जमानती बांड भरना होगा। पूरी अवधि के दौरान उमर खालिद केवल एक ही चालू मोबाइल नंबर का इस्तेमाल कर सकेंगे, जिसकी जानकारी जांच एजेंसी को देनी होगी। इससे पहले निचली अदालत ने उमर खालिद की अंतरिम जमानत याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि परिवार में अन्य सदस्य भी मां की देखभाल के लिए मौजूद हैं। इसके बाद खालिद ने हाईकोर्ट का रुख किया। उनके वकील ने दलील दी कि मां की गंभीर सर्जरी के वक्त एक बेटे का उनके साथ होना बेहद जरूरी है।



**गीता गोयल**
( स्वर्गवास 22-5-2024)

## द्वितीय पुण्यतिथि

आपको गुजरे आज पूरे दो वर्ष बीत गए, लेकिन आपकी बातें, आपके द्वारा सिखाए गए जिंदगी के उसूल, जीवन भर हमारे साथ रहेंगे। आपकी मधुर स्मृति हम सबके हृदय में बसी है। हम आपके द्वारा बताए गए मार्ग पर सदैव चलते रहने का संकल्प लेते हैं। आज भले ही आप हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन हमें ऐसा लगता है आप यहीं हैं, यहीं हैं, यहीं हैं।

**आज आपकी द्वितीय पुण्य तिथि पर आपको शत-शत नमन।**

विनोद कुमार गोयल (पति)
मोहित गोयल ( पुत्र ), हर्ष गोयल ( पुत्र )
गौरव गोयल ( पुत्र )
निवास- हिंदू इंटर कॉलेज के सामने, नगीना ( बिजनौर)


# उत्तर प्रदेश सेमीकंडक्टर नीति-2024 चुनौतियों से समाधान तक

# आत्मनिर्भरता की ओर एक ठोस कदम

उत्तर प्रदेश सेमीकण्डक्टर नीति-2024 का उद्देश्य प्रदेश को पूरे देश में सेमीकण्डक्टर निर्माण के क्षेत्र में प्रमुख हब के रूप में स्थापित करना है। भारत को सेमीकण्डक्टर और डिस्प्ले इकोसिस्टम को मजबूती प्रदान करते हुए तकनीकी रूप से आत्मनिर्भर बनाना है। आज के डिजिटल युग में सेमीकंडक्टर केवल एक तकनीकी उत्पाद नहीं, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था की आधारशिला बन चुके हैं। मोबाइल फोन, कंप्यूटर, ऑटोमोबाइल, स्वास्थ्य उपकरण और रक्षा प्रणाली हर क्षेत्र सेमीकण्डक्टर पर निर्भर है। इसके बावजूद, लंबे समय तक भारत सेमीकंडक्टर के लिए आयात पर अत्यधिक निर्भर रहा। कोविड-19 महामारी के दौरान उत्पन्न वैश्विक चिप संकट ने इस निर्भरता की कमजोरियों को उजागर किया था। ऑटोमोबाइल उत्पादन ठप हुआ, इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग प्रभावित हुआ और आपूर्ति श्रृंखला बाधित हो गई थी।



उत्तर प्रदेश जैसे बड़े और जनसंख्या बहुल राज्य के लिए यह स्थिति और भी चुनौतीपूर्ण थी, जहाँ रोजगार के पर्याप्त अवसर सृजित करना और औद्योगिक विकास को गति देना एक निरंतर आवश्यकता है। तकनीकी क्षेत्र में सीमित निवेश, उच्च-स्तरीय अनुसंधान संस्थानों की कमी, और वैश्विक कंपनियों के लिए अनुकूल इकोसिस्टम का अभाव सभी बाधाएँ राज्य को इस उभरते क्षेत्र में पीछे रखती थीं। इन्हीं चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व में आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग ने उत्तर प्रदेश सेमीकंडक्टर नीति-2024 को बनाकर लागू किया। यह नीति केवल एक औद्योगिक दस्तावेज नहीं, बल्कि समस्याओं के समाधान के लिए एक समग्र रणनीति के रूप में तैयार की गई है, जिसका उद्देश्य राज्य को सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण का प्रमुख केंद्र बनाना है। सेमीकण्डक्टर विनिर्माण में निवेश आकर्षित करने हेतु भारत सरकार की पहल के अनुरूप सेमीकण्डक्टर क्षेत्र में वैश्विक निवेशकों को आकर्षित करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा यह एक स्वतन्त्र सेमीकण्डक्टर नीति प्रख्यापित की गई है।



सेमीकण्डक्टर इकाइयों के लिए डेडीकेटेड प्रावधान आरम्भ करने वाला उत्तर प्रदेश चैथा राज्य है। नीति प्रख्यापन के प्रथम वर्ष में ही मेसर्स टॉर्क सेमीकण्डक्टर्स प्राइवेट लिमिटेड की रु 28,440 करोड़ तथा मेसर्स वामासुन्दरी इन्वेस्टमेण्ट्स (दिल्ली) प्रा0लि0 की रु 3,706.12 करोड़ के निवेश वाली दो वृहद परियोजनाओं को निवेश हेतु अनुमोदन प्रदान कर लेटर ऑफ कम्फर्ट निर्गत कर दिया गया है। लगभग रु0 506 करोड़ के निवेश वाला एक अन्य परियोजना-प्रस्ताव भी अनुमोदन की प्रक्रिया के अधीन हैं।

उ0प्र0 सेमीकंडक्टर नीति आम नागरिकों के जीवन को भी सीधे प्रभावित करती है। सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग में बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन की क्षमता होती है। उच्च-कुशल इंजीनियरों से लेकर तकनीशियनों और श्रमिकों तक विभिन्न स्तरों पर रोजगार के अवसर उत्पन्न होते हैं। इससे युवाओं को अपने ही राज्य में बेहतर रोजगार मिलेगा और अन्य राज्यों या देशों की ओर पलायन में कमी आएगी। इसके अलावा, स्थानीय स्तर पर उद्योगों के विकास से छोटे व्यवसायों और एमएसएमई को भी बढ़ावा मिलेगा, जिससे क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था सशक्त होगी। वर्तमान में इस नीति के तहत निवेश आकर्षित करने के प्रयास तेज हो चुके हैं। विभिन्न निवेश सम्मेलनों के माध्यम से राज्य सरकार वैश्विक कंपनियों के साथ संवाद स्थापित कर रही है। इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण नीति-2020, डेटा सेंटर नीति-2021 और स्टार्टअप नीति-2020 के साथ समन्वय स्थापित करते हुए एक मजबूत डिजिटल और औद्योगिक आधार तैयार किया जा रहा है। ग्रेटर नोएडा और नोएडा क्षेत्र पहले से ही इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण के हब के रूप में विकसित हो रहे हैं, और अब सेमीकंडक्टर नीति के माध्यम से इस विकास को नई दिशा मिल रही है।

यह नीति उत्तर प्रदेश सरकार के व्यापक आर्थिक लक्ष्यों को प्राप्त करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। राज्य सरकार ने जो 01 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य निर्धारित किया है, इसके लिए उच्च-प्रौद्योगिकी उद्योगों में निवेश को बढ़ावा देना आवश्यक है। सेमीकंडक्टर उद्योग, जो उच्च मूल्यवर्धन और निर्यात क्षमता वाला क्षेत्र है, इस लक्ष्य को प्राप्त करने में एक प्रमुख साधन बन रहा है ।

उ.प्र. सेमीकण्डक्टर यह नीति मेक इन इंडिया और डिजिटल इंडिया जैसे राष्ट्रीय अभियानों को सुदृढ़ कर रही है। देश में सेमीकंडक्टर निर्माण को बढ़ावा मिलने से आयात पर

निर्भरता कम होगी, विदेशी मुद्रा की बचत होगी और भारत वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में अपनी स्थिति को मजबूत कर सकेगा।

प्रदेश में निवेशकों के सामने उच्च लागत और जटिल प्रक्रियाओं को दूर करने एवं उनके समाधान के रूप में प्रदेश सरकार के आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग ने पूंजीगत सब्सिडी, भूमि पर रियायत, स्टाम्प ड्यूटी में छूट और बिजली दरों में राहत जैसी सुविधाएँ प्रदान की है। इसके साथ ही, एकीकृत सिंगल विंडो प्रणाली के माध्यम से निवेश प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया गया है, जिससे उद्योगों को स्वीकृति प्राप्त करने में कम समय लगे और अनावश्यक बाधाएँ समाप्त हों। उन्नत बुनियादी ढाँचे के अभाव को दूर करने के लिए सेमीकंडक्टर उद्योग को अत्यधिक पूंजी गहन और तकनीकी अत्याधुनिक सुविधाओं की आवश्यकता को दूर किया गया।



**प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सेमीकंडक्टर नीति-2024 राज्य की औद्योगिक यात्रा में एक महत्वपूर्ण ठोस कदम है। यह नीति न केवल वर्तमान चुनौतियों का समाधान प्रस्तुत करती है, बल्कि भविष्य की संभावनाओं के लिए एक मजबूत आधार भी तैयार कर रही है। रोजगार सृजन, तकनीकी आत्मनिर्भरता, वैश्विक निवेश और आर्थिक विकास इन सभी पहलुओं को समाहित करते हुए यह नीति उत्तर प्रदेश को देश के अग्रणी तकनीकी केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक निर्णायक कदम साबित हो रही है**

# खासपुरा क्षेत्र में चारों ओर, ब्याज के रूप में ग़रीबों का खून चूस रहे सूदखोर

–स. हरमन्दर सिंह की रिपोर्ट

चिंगारी EXCLUSIVE

**खासपुरा ( चिंगारी )।** क्षेत्र में सूदखोरी का धंधा बेरोकटोक चल रहा है। सूदखोरों के चंगुल में फंसने के बाद कम ही कर्जदार उनके जंजाल से बाहर आ पाते हैं। अधिकतर तो ब्याज ही भरते रह जाते हैं। सूदखोर रकम और ब्याज की वसूली के नाम पर कर्जदार को जमकर लूटते हैं। कई बार तो ब्याज इतना ज्यादा हो जाता है कि कर्जदार का जेवर, मकान, प्लाट तक सूदखोर हथिया लेते हैं। ऐसे जाने कितने जरूरतमंद लोग होते हैं जो अपना कुछ काम बनाने के लिए छोटी रकम लेते हैं, लेकिन वह देखते ही देखते इतनी बड़ी हो जाती है कि उसे जाल में से निकलना भारी पड़ता है। ऐसे ही नगर क्षेत्र में बड़े सूदखोर योजनाबद्ध तरीके से अवैध काला कारोबार चला रहे हैं। सूदखोर पहले ही ब्याज काटकर कर्ज देते हैं। कर्ज देने से पहले कर्ज लेने वाले से हस्ताक्षरयुक्त ब्लैंक चैक या स्टांप ले लिया जाता है और फिर 5 से 12 फीसदी मासिक ब्याज पर कर्ज दिया जाता है। इसके बाद मूल रकम के साथ ही ब्याज वसूली का खेल शुरू हो जाता है। मूल रकम से दो गुना से अधिक रकम कर्जदार ब्याज में चुका भी देता है, लेकिन फिर भी कर्जा बरकरार रहता है। बेहद जरूरतमंद व्यक्ति ही सूदखोर से कर्ज लेता है, इसलिए उस पर कर्ज चुकाने का खासा दबाव रहता है। कर्जदार तो पूरी रकम चुकाना चाहता है, मगर ब्याज की रकम ही इतनी ज्यादा होती है कि उसकी कमाई इसे चुकाने में ही चली जाती है। सिर पर कर्ज होने की वजह से वह पुलिस प्रशासन से शिकायत करने का जोखिम उठाने में कतराता है। एक कर्ज चुकाने को लेते हैं, दूसरा कर्ज।




सूदखोरी के इन धंधेबाजों ने बड़े कायदे से अपना जाल बुना है। पहले कर्ज लिए आदमी को खूब परेशान करते हैं, इसके बाद दूसरा सूदखोर मददगार बनकर आता है और वह ब्याज चुकाने को नया कर्ज दे देता है। उलझन में पड़ा आदमी दूसरा कर्ज लेकर पहले कर्ज का ब्याज चुकाता है। अभी वह सांस भी नहीं ले पाता, तब तक दो कर्जों का ब्याज एक साथ चुकाने का दबाव पड़ना शुरू होता है। अब यहां से उसकी व्यवस्था बिगड़ने लगती है। आय के स्रोत दुकान, खेती पर नजर गड़ाए सूदखोर वहां अपना कब्जा जमाते हैं, जिससे किस्त टूटनी शुरू होती है। आदमी कर्जों के इस मकड़जाल से बाहर निकलने के बाद मकान, दुकान, जमीन बेचने लगता है। कई बार इसके चक्कर में लोग इतने तनाव में आ जाते हैं कि खुद आत्मघाती कदम भी उठा लेते हैं, लेकिन सूदखोरों पर कार्रवाई नहीं होती है।

## सरेआम बेइज्जती की जाती है

एक छोटे कारोबारी ने सूदखोर से महज एक लाख रुपये का कर्ज लिया था। लगातार ढाई साल से ब्याज सहित किस्त देने के बाद भी अभी तक कर्ज नहीं चुकाया जा सका है। अभी भी 75 हजार रुपये चुकाने हैं। सूदखोर कोरे चैक के सहारे उसे दबाव में लेकर वसूली कर रहे हैं। कभी बाजार में उसके बच्चे को रोका जाता है, तो कभी पति को रोककर पैसा नहीं देने पर बेइज्जती की जाती है।

## कर्ज लेने से बचना चाहिए

जरूरतमंद को अपना कार्य बजट अनुसार करना चाहिए,कर्ज लेने से बचना चाहिए। कर्ज किसी कारण लिया भी है, तो योजनाबद्ध तरीके से उतारना चाहिए। वैसे सिख धर्म के अनुसार कर्ज लेना भी और देना भी हराम है।

**–सतपाल सिंह पूर्व प्रधान**
गुरुद्वारा सिंह सभा खासपुरा

# गन्ना उत्पादन बढ़ाने को लेकर मंथन, गन्ना विश्वविद्यालय स्थापना पर बनी सहमति



## मिट्टी में कार्बन की मात्रा बढ़ाने के उपायों पर भी हुई चर्चा- दिगम्बर सिंह

**बिजनौर ( चिंगारी )।** भाकियू अराजनीतिक के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिगम्बर सिंह ने बताया कि गन्ना उत्पादन में लगातार आ रही गिरावट को लेकर गन्ना संस्थान, डालीबाग लखनऊ में अपर मुख्य सचिव गन्ना एवं चीनी विकास वीणा कुमारी की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। दिगम्बर सिंह ने बताया कि बैठक में भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक के प्रतिनिधिमंडल से गन्ना उत्पादन बढ़ाने, मिट्टी के स्वास्थ्य सुधार, कीट प्रबंधन और उन्नतशील बीजों को लेकर सुझाव लिए गए। भाकियू अराजनीतिक के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिगम्बर सिंह ने बताया कि बुधवार को बैठक के दौरान अपर मुख्य सचिव द्वारा कई महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए। निर्णय लिया गया कि प्रमुख सचिव कृषि को पत्र लिखकर कृषि विभाग के अधिकारियों को यूट्यूब सहित अन्य माध्यमों पर भ्रामक प्रचार करने वाली दवाइयों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए जाएंगे। साथ ही सभी शुगर मिलों में मृदा परीक्षण लैब स्थापित कराने पर भी सहमति बनी। किसान नेता दिगम्बर सिंह ने बताया कि बैठक में गन्ना प्रजाति कोलक-20016 एवं कोलक-21012 को उत्तर प्रदेश में रिलीज किए जाने के लिए पत्र लिखने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा प्रदेश में एक गन्ना विश्वविद्यालय की स्थापना के प्रस्ताव पर भी सहमति बनी। गन्ने में फैल रही टॉप बोरर जैसी बीमारियों पर अनुसंधान के लिए सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मेरठ तथा गन्ना शोध केंद्र शाहजहांपुर को पत्र भेजकर रिसर्च कराने के निर्देश दिये गये। किसानों को नि:शुल्क मैली उपलब्ध कराने और मिट्टी में कार्बन की मात्रा बढ़ाने के उपायों पर भी चर्चा कर सहमति व्यक्त की गई। बैठक में गन्ना आयुक्त सहित अपर गन्ना आयुक्त वीके शुक्ला, अपर गन्ना आयुक्त शोध, अपर गन्ना आयुक्त बीबी सिंह समिति तथा अपर गन्ना आयुक्त विश्वेश्वर कनौजिया, भाकियू अराजनीतिक के प्रतिनिधिमंडल में बाबा राजेंद्र सिंह मलिक, धर्मेंद्र मलिक, चौधरी दिगंबर सिंह, दुष्यंत कुमार, अंकित कुमार, प्रासू राणा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# पिंकी हत्याकांड में आरोपी गिरफ्तार

## चिता स्थल से बरामद किये अवशेष

**स्योहारा ( चिंगारी )।** थाना क्षेत्र के गांव बेरखेड़ा में महिला की हत्या कर शव जलाने के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी मृतका के पति को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर जंगल से अधजले शव के अवशेष और हड्डियां बरामद की हैं। पुलिस मामले से जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। पुलिस के अनुसार अफजलगढ़ थाना क्षेत्र के गांव अनवरपुर चंडिका निवासी सतवीर सिंह ने थाना स्योहारा में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उसकी बहन पिंकी की उसके ससुराल पक्ष के लोगों ने हत्या कर दी। शिकायत में कहा गया कि पिंकी को लंबे समय से प्रताड़ित किया जा रहा था और उसके साथ मारपीट भी की जाती थी। आरोप है कि हत्या के बाद शव को छिपाने और साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से रात में रामगंगा क्षेत्र के जंगल में ले जाकर जला दिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। विवेचना के दौरान पुलिस ने मुख्य आरोपी सुनील कुमार पुत्र हीरा सिंह निवासी बेरखेड़ा को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी के बयान संदिग्ध पाए गए, जिसके बाद पुलिस उसे लेकर जंगल पहुंची, वहां आरोपी की निशानदेही पर चिता स्थल से अधजले शव का हिस्सा और कुछ हड्डियां बरामद की गईं।



पुलिस ने बरामद अवशेषों को कब्जे में लेकर सील कर दिया है। इन्हें फोरेंसिक जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा, ताकि मृतका की पुष्टि और अन्य साक्ष्य जुटाए जा सकें। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले में वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। आरोपी को मेडिकल परीक्षण के बाद न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस अन्य नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही है।

# पौड़ी जिले में गुलदार का खौफ, बच्चों और बुजुर्गों का घरों से निकलना हुआ मुश्किल

**पौड़ी ( चिंगारी )।** जनपद में लगातार बढ़ रहे गुलदार के हमलों ने ग्रामीणों की जिंदगी को भय और असुरक्षा के माहौल में धकेल दिया है। पौड़ी से सटे कमंद गांव में बीते शुक्रवार को गुलदार के हमले में एक व्यक्ति की मौत के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत फैल गई है। वहीं शनिवार को पास के गांव की एक महिला पर भी गुलदार ने हमला कर दिया, जिससे ग्रामीणों में डर और अधिक बढ़ गया है। लगातार हो रही इन घटनाओं के बाद आसपास के गांव में रहने वाले छोटे बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अब हालात ऐसे हो गए हैं कि लोग शाम होते ही घरों में कैद होने को मजबूर हैं। गांव के आसपास कई गुलदारों के घूमने की सूचना मिल रही है, जिससे लोगों का घरों से बाहर निकलना तक मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि जो युवा नौकरी या पढ़ाई के लिए बाहर आते-जाते हैं, उनमें भी भय का माहौल बना हुआ है। वहीं स्कूल जाने वाले छोटे बच्चों को लेकर अभिभावकों की चिंता लगातार बढ़ रही है। गांव में बच्चों की आवाजाही के लिए पर्याप्त वाहन व्यवस्था नहीं होने के कारण अभिभावक खुद बच्चों को स्कूल छोड़ने और लाने को मजबूर हैं।


इलाके में गश्त करते हुए वन विभाग के कर्मचारी।

हालांकि जिला प्रशासन ने एहतियात के तौर पर कुछ दिनों के लिए गांव के विद्यालय बंद रखने के निर्देश दिए हैं, लेकिन गांव के स्कूल खुलने के बाद बच्चों की सुरक्षा को लेकर ग्रामीणों में डर बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में कई बुजुर्ग अकेले रहते हैं और उनका जीवन कृषि तथा बागवानी पर निर्भर है। ऐसे में उन्हें खेतों और बगीचों तक जाना पड़ता है, जिससे उन पर जंगली जानवरों के हमले का खतरा लगातार बना रहता है। लोगों को चिंता है कि कहीं गुलदार किसी और ग्रामीण को अपना शिकार न बना ले। ग्रामीणों ने बताया कि पहले गांव के लोग शाम के समय सड़कों पर टहलने निकलते थे और बच्चे घरों के आसपास खेलते दिखाई देते थे, लेकिन लगातार दो घटनाओं के बाद अब बच्चों को घरों के अंदर रखना मजबूरी बन गया है।

## लोगों का शाम को घर से बाहर निकलना दूभर

लोगों ने शाम के समय सड़कों पर निकलना भी बंद कर दिया है, क्योंकि कई ग्रामीणों ने गुलदार को गांव की सड़कों और आबादी वाले क्षेत्रों में घूमते हुए देखा है। ग्रामीणों ने वन विभाग और प्रशासन से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने, पिंजरे लगाने तथा लोगों की सुरक्षा के लिए तत्काल प्रभावी कदम उठाने की मांग की है ताकि गांव में फैले भय के माहौल को खत्म किया जा सके। डीएफओ पौड़ी महातिम यादव ने बताया कि घटना के बाद वन विभाग की टीम लगातार गांव में गश्त कर रही है।

## सीसीटीवी कैमरे और ट्रैप कैमरे लगाये

इलाके में सीसीटीवी कैमरे और ट्रैप कैमरे लगाए गए हैं ताकि गुलदार की गतिविधियों पर नजर रखी जा सके। उन्होंने कहा कि विभाग का शूटर भी मौके पर तैनात किया गया है। वन विभाग पहले गुलदार को पिंजरे में कैद करने और ट्रेंकुलाइज करने का प्रयास करेगा, जबकि अंतिम विकल्प के रूप में उसे शूट करने की कार्रवाई की जाएगी, जिससे ग्रामीणों को दहशत से राहत मिल सके। वन विभाग ने ग्रामीणों से सहयोग करने और सतर्कता बरतने की अपील भी की है। लोगों को रात के समय अकेले बाहर न निकलने, बच्चों को अकेला न छोड़ने और जंगल से सटे इलाकों में सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476

# शाश्वत वर्मा को मिला 'बिजनौर गौरव' सम्मान



**स्योहारा ( चिंगारी )।** रोमियो डांस इंडिया डांस समूह द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में स्योहारा के प्रसिद्ध चिकित्सक एवं समाजसेवी डॉ. शाश्वत वर्मा को 'बिजनौर गौरव सम्मान 2026' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें चिकित्सा सेवा और समाज हित में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रदान किया गया। समारोह में उपस्थित अतिथियों ने डॉ. शाश्वत वर्मा के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि वे न केवल एक कुशल चिकित्सक हैं, बल्कि समाजसेवा के क्षेत्र में भी लगातार प्रेरणादायक भूमिका निभा रहे हैं। गरीबों एवं जरूरतमंदों की सहायता, नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन और दवाइयों के वितरण जैसे कार्यों के माध्यम से उन्होंने समाज में अपनी अलग पहचान बनाई है। डॉ. वर्मा की टीम समय-समय पर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर लगाकर लोगों को नि:शुल्क परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराती है, जिससे हजारों लोगों को लाभ मिला है। समाज के प्रति उनकी नि:स्वार्थ सेवा और समर्पण भावना को देखते हुए उन्हें इस सम्मान से नवाजा गया। इस अवसर पर डॉ. शाश्वत वर्मा ने कहा कि समाज सेवा ही उनके लिये सबसे बड़ा धर्म है और वे आगे भी गरीब एवं जरूरतमंद लोगों की सेवा करते रहेंगे।



# रविदास आश्रम के 26वें स्थापना दिवस पर निकाली शोभायात्रा

**नगीना ( चिंगारी )।** गुरु रविदास आश्रम के 26वें स्थापना दिवस के मौके पर नगर में भव्य शोभायात्रा व कलशयात्रा निकाली गई। बृहस्पतिवार की दोपहर शोभायात्रा मोहल्ला पाधान स्थित देवता मंदिर से प्रारंभ हुई शोभायात्रा का शुभारंभ भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री अनूप बाल्मीकि ने फीता काटकर किया। शोभायात्रा व कलशयात्रा में नगर के मुख्य मार्गों से निकाली गई। कलशयात्रा में काफी संख्या में महिलाएं शामिल रहीं। यात्रा में गांगन नदी स्थित आश्रम के मुख्य पुजारी कुलदीप दास सूर्यवंशी, पूर्व विधायक सतीश गौतम, लक्ष्मीचंद, शुगम चंद,भाजपा नेता रोहित रवि, भाजपा के मंडल महामंत्री पंडित सचिन शर्मा, डॉ.भूपेश चौहान, सोहन सैनी, आदी राठौर, राकेश दास, दीपक कुमार आदि शामिल रहे।

Kajaria
TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
₹8/- PER SQ. FT सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर

## ..अब तो जाओ चेत



राहुल गांधी जी जरा, अब तो जाओ चेत
मामी मौसी जो लगैं, उनको करो सचेत
उनको करो सचेत, मलोनी जो कहलावैं
मोदी जो खिलवाय, नहीं टॉफी वे खावैं
घुमवाने निज देश, रहेंगे मोदी व्याकुल
धरैं काम से काम, उन्हें कह दीजो राहुल

**–राजकुमार वर्मा, धामपुर**
मो. 9897333146

Gents Specialist
Suit | Sherwani | Pant Shirt
Fancy Coat | Ladies Coat
CLASSIC TAILORS
9927060150
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE PUMA SKECHERS WOODLAND RED CHIEF Lee Cooper campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor

# शुद्धिकरण के बाद फिर से विशाल बन गया हमजा


ग्रामीणों से वार्ता करते हुए भाजपा नेता मौसम चौधरी।


शुद्धिकरण के बाद विशाल को आशीर्वाद देते हुए मौसम चौधरी व ग्रामवासी।

## विशाल की घरवापसी में मौसम चौधरी की विशेष भूमिका रही

**बिजनौर ( चिंगारी )। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच गंगा जल से शुद्धिकरण के बाद हमजा फिर से विशाल बन गया है। विशाल की घरवापसी से गांव में उत्सव जैसा माहौल रहा। उधर, पुलिस ने विशाल का धर्म परिवर्तन कराने वाले वसीम को जेल भेज दिया है।**

पुलिस के अनुसार 18 मई को गांव खानजहानपुर बहादर उर्फ बाकरपुर गढ़ी निवासी कृष्ण कुमार ने थाना शहर कोतवाली बिजनौर में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उनका पुत्र विशाल कुमार गांव काजीवाला निवासी वसीम के साथ नाई का काम सीखने के लिए जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा गया था। वहां जबरन धर्म परिवर्तन कराकर उसका नाम हमजा रख दिया गया। तहरीर के आधार पर शहर कोतवाली में आरोपी वसीम के खिलाफ उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम 2021 की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था।

पुलिस ने गुरुवार को आरोपी वसीम पुत्र लियाकत को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने बताया कि गिरफ्तार वसीम को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### वसीम ने अपनी बेटी से विवाह का प्रलोभन दिया था

पुलिस पूछताछ में विशाल कुमार ने बताया कि वह पहले से वसीम को जानता था और उसी के माध्यम से उसने सैलून का काम सीखा था। पूछताछ में यह भी सामने आया कि आरोपी ने अपनी पुत्री से विवाह कराने का प्रलोभन दिया था। पुलिस के अनुसार विशाल ने बताया कि कुपवाड़ा जनपद के मणिगाह क्षेत्र स्थित एक मस्जिद में उसका धर्म परिवर्तन कराया गया था।

### 'मौसम भैया का शुक्रिया'

**मीडिया से बातचीत करते हुए विशाल ने सदर विधायक पति मौसम भैया का उसे कश्मीर से बुलाने के लिए शुक्रिया अदा किया। विशाल ने अब वह अपने घर आ गया है और अपने माता-पिता के साथ रहेगा। वीडियो कॉल पर विधायक पति मौसम चौधरी से हुई वार्ता में अपनी मर्जी से धर्म बदलने वाली बात बोलने पर विशाल ने कहा कि उससे यह बुलवाया गया था।**

### विशाल का शुद्धिकरण कराया

घर पहुंचने पर गांव के मंदिर में विशाल का मंत्रोच्चारण के बीच शुद्धिकरण कराया गया। इस दौरान एश्वर्य मौसम चौधरी विशेष रूप से मौजूद रहे। विशाल के घर और अपने धर्म में लौटने पर परिवार तथा अन्य ग्रामीणों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विधायक पति मौसम भैया का आभार व्यक्त किया।

# रेलिंग से टकरा गई कार घायल हुए उसमें सवार

**शेरकोट ( चिंगारी )।** नेशनल हाईवे पर अनियंत्रित हुई कार लोहे की रेलिंग से टकरा जाने से कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार चोटिल हो गए। जानकारी के अनुसार कल शाम धामपुर निवासी अनुज कुमार अपने परिजनों के साथ कार में सवार होकर अफजलगढ़ जा रहे थे। जब ये हाईवे पर स्थित रामसहायवाला की चुंगी के पास मोड़ पर पहुंचे तो कार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगी लोहे की रेलिंग से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार रेलिंग को काफी दूर तक तोड़ती चली गई और सर्विस रोड पर उतरकर नाले से जाकर टकरा गई। गनीमत रही कि जिस समय ये हादसा हुआ उस समय रोड पर कोई वाहन नहीं था वरना हादसा बड़ा हो सकता था। घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए तथा बुरी तरह क्षतिग्रस्त कार से कार सवारों को बाहर निकाला। इस घटना में कार सवारों को मामूली चोट लगी। सब इंस्पेक्टर योगेश कुमार ने बताया कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है। दुर्घटनाग्रस्त वाहन को हटवा दिया गया है।



# मुल्क और इंसानियत के ख़िलाफ़ हर सोच को कुर्बान किया जाये- शहर क़ाज़ी

**मंडावर ( चिंगारी )।** जामा मस्जिद के पेश इमाम व शहर काजी मुफ्ती मौ मुदस्सिर कासमी ने कहा कि ईद-उल-अज़्हा पर रोज़े, हज और कुर्बानी के जरिये अल्लाह को राजी किया जाता है। उन्होंने सभी से सफाई का विशेष ध्यान रखने की अपील की। शहर इमाम ने बयान जारी कर कहा कि इस वक्त ज़िल्हिज्जा का महीना इबादतों का महीना है। उन्होंने मुसलमानों से खास तौर पर ईद उल अज़्हा एक दिन पहले 27 मई को रोज़ा रखने की अपील की है। इसी के साथ उन्होंने बताया कि ईद-उल-अज़्हा का त्यौहार आपसी भाईचारे, मोहब्बत और हमदर्दी का सबक देता है। इस मौके पर सिर्फ जानवर की कुर्बानी ही नहीं की जाती, बल्कि इंसानियत और मुल्क मजहब के खिलाफ हर सोच व नजरिए को कुर्बान किया जाये। उन्होंने मुस्लिमों का आह्वान किया कि जिन परिवारों में गुरबत का माहौल है, उनका पूरा ख्याल रखना हमारी जिम्मेदारी है। हमारा यह भी फर्ज बनता है कि अपने पड़ोसियों, नगर वासियों के साथ-साथ तमाम देशवासियों की सुरक्षा का पूरा ख्याल रखें, हर तरीके से एहतियात बरतें, जानवरों को सार्वजनिक स्थानों एवं सामूहिक रास्तों पर कुर्बान न करें। जानवरों के अवशेषों एवं गंदगी को सड़क या नालियों में बिल्कुल न डालें, बल्कि एक तरफ दफन कर दे एवं नगर पंचायत के सफाईकर्मियों का विशेष रूप से सहयोग करें।



# शादी के तीन माह बाद ही नवविवाहिता की मौत

**नहटौर ( चिंगारी )।** नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मौके पर पहुंचे मायके पक्ष ने हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

नहटौर के मोहल्ला हाथी वाला मंदिर निवासी मनु पुत्र राजू का 3 माह पहले 21 फरवरी को मीनाक्षी पुत्री राजू (19 वर्ष) निवासी हाथनगर जिला संभल के साथ विवाह हुआ था। बृहस्पतिवार को करीब 10 बजे मीनाक्षी की तबीयत खराब हुई, जिसके बाद उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे मायके पक्ष ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। मृतका की मां मुन्नी देवी का आरोप है कि इस विवाह से लड़के के परिजन खुश नहीं थे और वह आएदिन मीनाक्षी के साथ मारपीट करते थे। इतना ही नहीं उन्होंने कई बार दहेज को लेकर भी मीनाक्षी को प्रताड़ित किया था। वहीं मृतका के ससुराल पक्ष का कहना है कि बीमारी के चलते मीनाक्षी की मौत हुई है। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि अभी तक तहरीर नहीं मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।


फाइल फोटो

# आंधी-तूफान ने ऐसी तबाही मचाई लाइन अभी पटरी पर नहीं लौट पाई

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** आंधी तूफान से तबाह हुई विद्युत अव्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रही, जिसके कारण किसानों एवं ग्रामीण उपभोक्ताओं में भारी रोष है। रालोद के क्षेत्रीय महासचिव सुबोध कुमार, अनिल कुमार, गोपाल सिंह, आसाराम, सोमपाल, धूम सिंह, पूर्व प्रधान रोहिताश सिंह, सोनू आदि किसानों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि स्थिति अब बद से बदतर हो चली है। बिजली में सुधार के कहीं से कहीं तक भी आसार नज़र नहीं आ रहे। जंगल में किसानों के सभी ट्यूबवैल ठप्प पड़े हैं। परिणामस्वरूप गन्ने और हरे चारे आदि की फसल सिंचाई के अभाव में मुरझाने लगी है, जिसके कारण किसानों के सब्र का बांध टूटने लगा है उन्होंने शासन-प्रशासन के अधिकारियों से अतिशीघ्र सुधार कराए जाने की मांग की है। उनका कहना है कि अगर ऐसा न हुआ तो स्थिति कभी भी विकट हो सकती है।

### सिंचाई के अभाव में सूखने लगी हैं फसलें

मालूम हो कि 13 मई 2026 की रात्रि अचानक आए आंधी-तूफान ने गांव और जंगल में हर तरफ भारी तबाही मचाई थी, जिसमें छोटे-बड़े अधिकतर पेड़ जड़ से उखड़कर धराशायी हो गए थे, जिसकी चपेट में आकर विद्युत लाइन भी क्षतिग्रस्त हो गई थी, तभी से विभाग नुकसान की भरपाई करने में जुटा है सड़क रास्तों और खेतों में पड़े हाई वोल्टेज विद्युत लाइन के तार ऊमरी पीर गांव में एक मजदूर के लिए जानलेवा साबित हो चुका है। हालांकि विद्युत विभाग के प्रयासों को किसानों और कुछ ग्रामीणों के सहयोग से गति मिल रही है, फिर भी लगभग 10 दिन बीत जाने के बाद भी समस्या जस की तस है विद्युत व्यवस्था के चलते जहां लोग भीषण गर्मी की मार झेलने को विवश है वहीं सिंचाई के अभाव में खेतों में खडी किसानों की फसल सूखने के कगार पर है सभी के चेहरे पर चिंता की लकीरें खिंची हैं। विद्युत उपग्रह उलेढा के जे ई अजय सैनी के मोबाइल नंबर 9193 300748 पर कॉल करने का प्रयास किया गया लेकिन कोई रिस्पांस नहीं मिल सका

# राहगीरों के लिये पेयजल की मांग

**चांदपुर ( चिंगारी )।** विश्व हिंदू महासंघ की सनातन रक्षा वाहिनी के कार्यकर्ताओं ने भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए नगर में विभिन्न स्थानों पर राहगीरों के लिए पेयजल की समुचित व्यवस्था कराये जाने की मांग को लेकर नायब तहसीलदार को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए रोडवेज बस स्टैंड, हल्दौर व नहटौर चौराहा, तहसील चांदपुर के सामने, अंबेडकर चौक, नेहरू चौक, पंचवटी के पास आदि स्थानों पर राहगीरों के लिए पेयजल की समुचित व्यवस्था कराये जाने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में सनातन रक्षा वाहिनी के प्रदेश मंत्री पीयूष अरोड़ा , जिला अध्यक्ष अजयमहेश्वरी विश्व हिंदू महासंघ के जिला उपाध्यक्ष पारस राठी, तहसील मंत्री निपेन्द्र वर्मा, तहसील मंत्री संदीप सैनी, नगर महा मंत्री आशीष कुमार आर्य मोंटी, अंमोल आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।


नायब तहसीलदार को ज्ञापन देते सनातन रक्षा वाहिनी कार्यकर्ता

# सिलेंडर में आग लगने से हड़कम्प मचा

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगीना मार्ग स्थित दुर्गा विहार कॉलोनी की गली नंबर 3 में एक दो मंजिले मकान में रखे घरेलू गैस के सिलेंडर में आग लग जाने से हड़कंप मच गया। फायर ब्रिगेड ने आकर आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार दुर्गा विहार कॉलोनी की गली नंबर 3 में रहने वाले पुलिस विभाग के सेवानिवृत दरोगा के दो मंजिले मकान में गैस का सिलेंडर रखा हुआ था। बीती रात 9:30 बजे अचानक सिलेंडर में आग लग गई,जिससे हड़कंप मच गया। आग लगने की सूचना तुरंत फायर ब्रिगेड को दी गई, जिससे फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

# मो. ज़ैद ने किया कैम्प का उद्घाटन

**नहटौर ( चिंगारी )।** मोलवियान में सभासद महफूज उर्फ गुड्डे के आवास पर निःशुल्क स्वास्थ्य कैंप आयोजित हुआ, जिसका उद्घाटन चेयरपर्सन पति मौ. जैद रशीद ने फ़ीता काटकर किया। कैम्प में वेंकटेश्वर अस्पताल गजरौला की ओर से आए चिकित्सकों ने 250 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस अवसर पर सभासद मुकेश गुप्ता, सभासद मोबीन सभासद, रियासत, शबाहत नंबरदार, कासिम मंसूरी, मजहिर मंसूरी, फरमान, सईद परवेज, शहजाद अहमद, अयाज फैजान बब्बू, क़ाज़ी जमाल नासिर, नावेद इकबाल, साबिर अंसारी, शमशाद, इलियास,आसिफ, सरताज, असलम, इकबाल नंबरदार, अकरम इब्राहिम आदि उपस्थित रहे।



# अंकुल की हत्या हुई, जांच की मांग

**नहटौर ( चिंगारी )। एक सप्ताह पूर्व युवक द्वारा आम के पेड़ पर फंदा लगाकर आत्महत्या के मामले में मृतक के माता-पिता ने हत्या की आशंका जताते हुए जांच की मांग की है। बता दें कि 14 मई को ग्राम तरकौली निवासी अंकुल कुमार का शव अपने खेत के आम के पेड़ से लटका हुआ मिला था। बृहस्पतिवार को मृतक अंकुर के पिता राकेश व उसकी मां खिमिया ने थाने पहुंचकर अंकुर की हत्या की आशंका जताई। उन्होंने तीन व्यक्तियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने बताया प्रार्थना-पत्र प्राप्त हो चुका है, मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।**

धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com



# बिजनौर में 22 मई से शुरू होगा जनगणना-2027 का प्रथम चरण

## 20 जून तक चलेगा मकान सूचीकरण अभियान, 7952 कार्मिक घर-घर जाकर जुटाएंगे जानकारी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** भारत की जनगणना-2027 के प्रथम चरण के तहत जनपद बिजनौर में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 22 मई 2026 से शुरू होकर 20 जून 2026 तक संचालित किया जाएगा। प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी एवं जिलाधिकारी जसजीत कौर ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान के तहत जिले की सभी पांच तहसीलों और 18 नगर निकायों में व्यापक स्तर पर गणना कार्य कराया जाएगा।

डीएम ने बताया कि जनपद को कुल 7971 मकान सूचीकरण ब्लॉकों (एचएलबी) में विभाजित किया गया है। इन ब्लॉकों में गणना कार्य संपादित कराने के लिए कुल 7952 कार्मिकों की नियुक्ति की गई है। इनमें 6843 प्रगणक और 1109 पर्यवेक्षक शामिल हैं, जो घर-घर जाकर आवश्यक सूचनाएं एकत्र करेंगे। तहसीलवार नियुक्त कार्मिकों की बात करें तो तहसील धामपुर में सर्वाधिक 1888 कार्मिक तैनात किए गए हैं। इसके अलावा तहसील नजीबाबाद में 1231, चांदपुर में 1220, नगीना में 873 तथा बिजनौर तहसील में 854 कार्मिक नियुक्त किए गए हैं। नगर निकायों में भी आवश्यकता के अनुसार प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों की तैनाती की गई है, ताकि जनगणना कार्य समयबद्ध और सुचारू रूप से पूरा किया जा सके।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने सभी संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि जनगणना कार्य पूरी गंभीरता, पारदर्शिता और शुद्धता के साथ संपन्न कराया जाए। उन्होंने आमजन से भी अपील की है कि गणना कार्य के लिए आने वाले प्रगणकों को सही एवं आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराकर सहयोग करें, जिससे जनगणना का कार्य सफलतापूर्वक पूरा हो सके।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

Hero
ईद की खुशियों में हीरो बनेगा हमेशा की तरह आपका हमसफ़र
जल्द से जल्द आयें और आकर्षक उपहार के साथ अपनी बाइक घर ले जायें।
आकर्षक उपहार





SPLENDOR+ शुरुआती दाम ₹ 77119*
HF Deluxe शुरुआती दाम ₹ 62105*
नियम शर्तें लागू
5 CRORE + HAPPY SPLENDOR CUSTOMERS
सबसे कम दाम व सबसे सस्ता फाइनेंस
एक बार सेवा का अवसर अवश्य दें।
* कम से कम डाउन पेमेंट
* सबसे कम ब्याज दर
* बिना चेक बुक के फाइनेंस
कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, श्री हॉस्पिटल के सामने बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

भली लगे या बुरी...

## तमिलनाडु में अब नया दौर

तमिलनाडु की राजनीत एक दिलचस्प मोड़ पर है। राज्य में राजनीतिक समीकरण बदल गये हैं। द्रमुक, अन्नाद्रमुक का दौर समाप्ति की ओर है। चुनाव परिणाम के बाद अन्नाद्रमुक में तो टूट भी हो गई। द्रमुक ने कांग्रेस पर पीठ में छुरा घोंपने का आरोप लगाया था, लेकिन राहुल गांधी ने इसकी परवाह किये बिना भाजपा को बैक डोर से सत्ता में आने से रोकने के लिये द्रमुक का साथ छोड़कर विजय की पार्टी के साथ जाने का निर्णय लेकर बेहद दूरदर्शिता का परिचय दिया, जिसका परिणाम यह हुआ कि कांग्रेस की 59 साल बाद तमिलनाडु की सत्ता में वापसी हुई है। यह तथ्य महत्वपूर्ण है कि जहां कांग्रेस एक अखिल भारतीय पार्टी है, वहीं द्रमुक क्षेत्रीयतावाद और एक प्रकार के द्रविड़ संकीर्णतावाद से ग्रस्त रही है। पिछली सरकार के दौरान जब स्टालिन के बेटे तथा राज्य के उप-मुख्यमंत्री 'सनातन धर्म को कोरोना' जैसी महामारी बता कर उसे 'नष्ट करने' की बात करते थे तब कांग्रेस निश्चित रूप से असहज होती थी, पर उसने लगातार गठबंधन धर्म का पालन किया। मजेदार बात है कि विधानसभा चुनाव हारने के बाद उदयनिधि ने एक बार फिर सनातन धर्म-विरोधी बयान दिया है। यह बयान ऐसे समय आया है जब राज्य के नव-नियुक्त मुख्यमंत्री थामस जोसेफ ने अपने ज्योतिषी को ओएसडी नियुक्त कर दिया है। उनका समर्थन करने वाली भाकपा और माकपा ने इस नियुक्ति का विरोध किया है।

विजय ने अब तक तमिलनाडु में चली आ रही परंपरा तोड़ते हुए शपथ ग्रहण समारोह में पहले वंदे मातरम, इसके बाद राष्ट्रगान तथा अंत में 'तमिल थाई वाइथू'-तमिल गान को स्थान दिया। 1960 में रचित तमिल थाई वाइथू वास्तव में तमिल मातृभूमि की वंदना है जिसे 1967 से जारी द्रमुक-अन्नाद्रमुक सरकारों के दौर में प्रमुख स्थान मिला है। तबसे लेकर आज तक हर सरकारी कार्यक्रम के प्रारम्भ में तमिल गान तथा कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रगान गाया जाता था। विजय ने यह क्रम उलटने के साथ वंदे मातरम को भी पहला स्थान देकर महत्वपूर्ण संकेत दिया है। हाल ही में केन्द्र सरकार ने संपूर्ण वंदे मातरम का गायन सरकारी कार्यक्रमों में अनिवार्य किया है तथा इसका उल्लंघन करने पर दंड देने का प्राविधान भी है। उल्लेखनीय है कि वंदे मातरम के कुछ अनुच्छेदों में प्रकारान्तर से 'देवी स्तुति' है जिसका मुस्लिम विरोध करते रहे हैं। इसे देखते हुए कांग्रेस ने स्वतंत्रता के बाद वंदे मातरम का संक्षिप्त स्वरूप स्वीकार किया था और संविधान सभा ने भी इसी को मान्यता दी थी।

# परीक्षा परिणाम 'शून्य', सिस्टम फेल

## फैक्ट्री जैसी खुली हैं इमारतें, डिग्रियों का व्यापार जारी है

## 22 कॉलेजों का रिज़ल्ट शून्य आया, बताओ अब किसकी जिम्मेदारी है?

**गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद का विभिन्न परीक्षाओं का परिणाम घोषित हुआ। मंडल के 372 महाविद्यालयों में से 22 का बीएससी प्रथम सेमेस्टर का परिणाम शून्य रहा। एलएलबी और बीए.एलएलबी की स्थिति तो इससे भी अधिक भयावह रही। लगभग 90 प्रतिशत छात्र सफल नहीं हो सके।**

विचारणीय है कि क्या इंटरमीडिएट में 90 फीसदी अंक लाने के बावजूद हम इतने काबिल नहीं हो पाए कि अगली सीढ़ी चढ़ ही न सके?

क्या हाईस्कूल, इंटरमीडिएट में मिल रहे अंक, चुनावी वादों में फ्री रेवड़ी की भांति तो नहीं हो रहे?

इस पर चिंतन-मनन की नितांत आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त स्वहित के लिए विभिन्न महाविद्यालय की भूमिका पर भी विचार करना होगा। वर्तमान में महाविद्यालयों में कक्षाएं चलना लगभग समाप्ति की ओर है। न तो महाविद्यालय अपनी गुणवत्ता पूर्ण कर पा रहे हैं, न ही विद्यार्थी महाविद्यालयीय कक्षाओं में पढ़ना चाहता है। हालात ये हैं कि अनेक स्थानों पर तो प्रारंभ में ही पेपर लिखने तक का ठेका ले लिया जाता है। इससे महाविद्यालय और उनके विद्यार्थी दोनों का ही हित लाभ हो जाता है। ऐसी स्थिति में कक्षाएं चलाना उन महाविद्यालयों के लिए नुकसान के अतिरिक्त कुछ नहीं होता।

इन 'नकल की दुकानों' की वजह से सबसे ज्यादा नुकसान उन गरीब और मध्यमवर्गीय माता-पिताओं का होता है, जो पेट काटकर कॉलेज की फीस भरते हैं। उन्हें लगता है कि उनका बेटा 'साहब' बन रहा है, लेकिन अंत में उसके हाथ में सिर्फ एक रद्दी कागज का टुकड़ा यानि खोखली डिग्री आती है।

किंतु इस बार विश्वविद्यालय ही बदला गया, फलस्वरुप कुछ नियम बदले गए। नकल पर रोक लगाने का प्रयास




किया। जब टूटी नकल की बैसाखी, तो खुद के पैरों पर चलना याद आया, कड़ाई क्या हुई परीक्षा में, इन कॉलेजों का असली चेहरा नजर आया।

ऐसा नहीं है कि सभी महाविद्यालय एक जैसे हैं, जहां कुछ पास भी न हो पाएं, तो कुछ 91 प्रतिशत के साथ मैदान में डटे रहे।

और हां, कुछ न कुछ लूप होल हर सिस्टम में होता है। उसका फ़ायदा उठाकर अभी भी कुछ महाविद्यालय नकल कार्यक्रम को जारी रखने में सफल रहे।

एक ओर जहां कागज की डिग्री से ज़्यादा कौशल होना आवश्यक है। वहीं दूसरी ओर कुछ महाविद्यालय कैसे नकल कराएं, इस पर शोध करने में लगे हुए हैं। अब हमें अपना स्वरुप बदलना होगा। हमें प्रतिष्ठित महाविद्यालयों पर अध्ययन करते हुए उनकी भांति सुविधाएं उपलब्ध करानी होंगी। मानकानुसार शिक्षक रखते हुए नियमित कक्षाओं का संचालन करना होगा। महाविद्यालयों को रिसर्च सेंटर के रुप में विकसित करना होगा, तभी हम उन्नत विद्यार्थी तैयार कर पाएंगे। अन्यथा की स्थिति में आगे भी परिणाम शून्य आते रहेंगे। विद्यार्थी पर कागज की डिग्री का टुकड़ा तो जरुर होगा, किंतु ज्ञान और जिज्ञासा दोनों समाप्त हो चुके होंगे।

इसके अतिरिक्त जिन महाविद्यालयों का परिणाम शून्य या दहाई का अंक भी न पा सका हो, उनके लिए केवल जांच न हो, बल्कि उस बैच के छात्रों की फीस उन्हें ब्याज सहित वापस करने का नियम बने। जब जेब पर मार पड़ेगी, तब प्रबंधन सुधरेगा।



हर कॉलेज के बाहर उसकी शैक्षणिक रेटिंग और पिछले सालों का परिणाम बोर्ड पर लिखना अनिवार्य किया जाए, ताकि एडमिशन लेने से पहले छात्र और अभिभावक सचेत रहें।

बिना ज्ञान की 100 प्रतिशत पास वाली डिग्री से, ईमानदारी का फेल होना बेहतर है। कम से कम छात्र को अपनी असली योग्यता तो पता चलती है।

**विभोर अग्रवाल**
धामपुर, उत्तर प्रदेश

## परिश्रम कभी व्यर्थ नहीं जाता

मनुष्य के जीवन में परिश्रम का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। बिना मेहनत के कोई भी व्यक्ति अपने जीवन में सफलता प्राप्त नहीं कर सकता। संसार में जितने भी महान व्यक्ति हुए हैं, उनकी सफलता के पीछे कठोर परिश्रम, धैर्य और दृढ़ संकल्प का योगदान रहा है। यही कारण है कि कहा जाता है 'परिश्रम कभी व्यर्थ नहीं जाता।' मेहनत वह शक्ति है जो असंभव लगने वाले कार्य को भी संभव बना देती है।

जीवन में केवल बड़े सपने देखना पर्याप्त नहीं होता, बल्कि उन सपनों को पूरा करने के लिए निरंतर प्रयास करना आवश्यक होता है। जो व्यक्ति कठिन परिस्थितियों में भी हार नहीं मानता और लगातार मेहनत करता रहता है, वही अंततः सफलता प्राप्त करता है। विद्यार्थी यदि नियमित अध्ययन करे, समय का सदुपयोग करे और पूरे मन से अभ्यास करे, तो वह निश्चित रूप से अच्छे अंक प्राप्त करता है। इसी प्रकार किसान खेतों में दिन-रात परिश्रम करता है, तभी उसे अच्छी फसल मिलती है। मजदूर, वैज्ञानिक, खिलाड़ी, शिक्षक और डॉक्टर, हर व्यक्ति की सफलता का आधार मेहनत ही है।

कई बार ऐसा होता है कि हमें अपनी मेहनत का परिणाम तुरंत दिखाई नहीं देता। कुछ लोग इसी कारण निराश होकर प्रयास करना छोड़ देते हैं, जबकि सच्चाई यह है कि परिश्रम कभी व्यर्थ नहीं जाता। मेहनत हमें अनुभव, आत्मविश्वास, धैर्य और संघर्ष करने की शक्ति प्रदान करती है। असफलता भी हमें बहुत कुछ सिखाती है और भविष्य में सफलता प्राप्त करने के लिए तैयार करती है। जो व्यक्ति अपनी असफलताओं से सीख लेकर आगे बढ़ता है, वही जीवन में ऊंचाइयों को छूता है।

इतिहास इस बात का प्रमाण है कि महान उपलब्धियां केवल परिश्रम के बल पर ही प्राप्त हुई हैं। Thomas Alva Edison ने हजारों बार असफल होने के बाद बल्ब का आविष्कार किया। यदि वे हार मान लेते, तो दुनिया शायद इस महान खोज से वंचित रह जाती। इसी प्रकार Dr. A. P. J. Abdul Kalam ने कठिन परिस्थितियों के बावजूद निरंतर मेहनत करके भारत के महान वैज्ञानिक और राष्ट्रपति बनने का गौरव प्राप्त किया। आलस्य मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है। आलसी व्यक्ति अवसर मिलने पर भी जीवन में आगे नहीं बढ़ पाता, जबकि परिश्रमी व्यक्ति हर कठिनाई को पार कर लेता है। मेहनती व्यक्ति समाज में सम्मान प्राप्त करता है और आत्मनिर्भर बनता है, इसलिए हमें सदैव ईमानदारी, अनुशासन और लगन के साथ कार्य करना चाहिए। अंत में यही कहा जा सकता है कि परिश्रम सफलता की कुंजी है। मेहनत का फल कभी न कभी अवश्य मिलता है। इसलिए हमें कठिनाइयों से घबराकर अपने प्रयास नहीं छोड़ने चाहिए, बल्कि पूरे आत्मविश्वास और दृढ़ निश्चय के साथ निरंतर आगे बढ़ते रहना चाहिए, क्योंकि सच ही कहा गया है 'परिश्रम कभी व्यर्थ नहीं जाता।'



**इशरत जमाल आरिफ**
प्रधानाचार्य
एमएम इंटर कॉलेज चांदपुर

## परिषदीय विद्यालयों के ऊपर से हटाई जायेंगी हाईटेंशन लाइन

### डीएम ने दिये सख्त निर्देश

**बिजनौर (चिंगारी)।** जनपद के परिषदीय विद्यालयों में बच्चों की सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन गंभीर नज़र आ रहा है। जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में बुधवार दोपहर कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित कर विद्यालयों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन विद्युत लाइनों को हटाने की दिशा में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये गये।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि मासूम बच्चों की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। विद्यालय परिसरों और उनके ऊपर से गुजरने वाली हाईटेंशन लाइनें किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती हैं, इसलिए इन्हें हटाना बेहद जरूरी है। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता पाए जाने पर संबंधित



अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

डीएम ने निर्देश दिये कि जिन विद्यालयों से हाईटेंशन लाइनें हटाई जा चुकी हैं और जहां अभी कार्य शेष है, उनकी अलग-अलग सूची तैयार कर उपलब्ध कराई जाए, ताकि कार्यों की नियमित समीक्षा की जा सके। उन्होंने कहा कि जिन विद्यालयों के मुख्य द्वार या परिसर के आसपास ट्रांसफार्मर लगे हुए हैं, वहां सुरक्षा के मद्देनजर बैरिकेडिंग या बाउंड्रीवाल बनाई जाए, जिससे बच्चों और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिये कि हाईटेंशन लाइनों से संबंधित दुर्घटनाओं में झुलसे अथवा प्रभावित पात्र पीड़ितों को समय से मुआवजा उपलब्ध कराया जाए। बैठक में बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कसाना, विद्युत विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## मुक़द्दस रूह रोशन करने वाली किताब है कुरआन- मौलाना कलीमुजमा क़ासमी

### कुरआन हिफ्ज करने वाले बच्चों की दस्तारबंदी

**नगीना (चिंगारी)।** जिले का एक मात्र इदारा मदरसा राफ़्ता व रहमत (कोढ़ियों वाला) नगीना में इस्लाह-ए-मुआशरा के साथ-साथ दस्तार-ए-फ़ज़ील के तहत एक जलसे का आयोजन किया गया।

बुधवार को बाद नमाज़-ए-मग़रिब बढ़ापुर मार्ग पहाड़ी दरवाजा स्थित मदरसा राफ़्ता व रहमत (कोढ़ियों वाला) में आयोजित इस्लाह-ए-मुआशरा के तहत कार्यक्रम में कुरआन हिफ्ज मुक्कमल करने वाले बच्चों की दस्तारबंदी के बाद हाफिज की उपाधि से नवाजा गया। इस जलसे की सदारत इमाम जामा मस्जिद मुफ़्ती मुहम्मद उवैस अकरम क़ासमी ने की, जबकि निज़ामत मौलाना अतीक़ क़ासमी ने की। सरपरस्ती मौलाना डॉ. ख़लीक़ अहमद क़ासमी ने की। आगाज़ में मौलाना तारिक अनवर क़ासमी की तिलावतें कुरआन पाक हुई, जबकि मौलाना वारिस क़ासमी ने बारगाहें रिसालत में नाते पाक का नजराना पेश किया। मौलाना कलीमुजमा



क़ासमी ने मौजूद अवाम को खिताब करते हुए कुरआन करीम के मरतबे के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि कुरआन करीम उस अजीम रब की नाज़िल की हुई आखिरी और मुक़द्दस रूह रोशन करने वाली किताब है,जो इंसानियत के लिए एक मुकम्मल हिदायत, रहमत और कामयाबी का जाब्ता हयात है। जलसे के खत्म होने पर मेहमाने खुसूसी ने मुल्क व मिल्लत की तरक्की की दुआ कराई। इस मुबारक मौके पर मदरसेन के चार तालिब इल्मों जिनमें हाफ़िज़ शहबाज़ क़मरुद्दीन नगर, हाफ़िज़ साक़िब बिहार, हाफ़िज़ अर्शियान क़मरुद्दीन नगर, और हाफ़िज़ फ़रीद क़मरुद्दीन नगर के मुकम्मल कुरआन हिफ्ज़ करने पर उनके सरों पर पगड़ी बांधकर दस्तार-ए-फ़ज़ीलत से नवाजा गया। इस मौके पर मुफ़्ती मुहम्मद उवैस अकरम, मौलाना डॉ. ख़लीक़ अहमद क़ासमी, मुफ़्ती अबरार अहमद, मुफ़्ती नबील अहमद, मुफ़्ती कफ़ील अहमद, मौलाना वारिस अली, हाफ़िज़ रफीक अहमद, मौलाना बिलाल अहमद, मुफ़्ती फ़हीम अहमद, मुफ़्ती मुहम्मद शादाब, मुफ्ती मुहम्मद शाहिद, हाफिज हसीब, कारी मुहम्मद अकदस, मौलाना जैद आदि की मौजूदगी रही। आखिर में इकराम अहमद जूतों वालों ने सभी का शुक्रिया अदा किया।

## गुड़ एवं खांडसारी उद्योग की समस्याओं को लेकर केन्द्रीय मंत्री से मिले



**बिजनौर/किरतपुर (चिंगारी)।** गुरुवार को ऑल इंडिया गुड़ एवं खांडसारी एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल पूर्व केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान के नेतृत्व में भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री, खाद्य एवं रसद विभाग श्री प्रह्लाद जोशी से नई दिल्ली में मिला।

प्रतिनिधिमंडल द्वारा देश के गुड़ एवं खांडसारी उद्योग के समक्ष उत्पन्न हो रही गंभीर समस्याओं से मंत्री जी को अवगत कराया गया। साथ ही, हाल ही में विभाग द्वारा प्रस्तावित नये नियमों एवं कानूनों के कारण इस

### ज्ञापन देकर समस्याओं के समाधान की मांग की

परंपरागत एवं रोजगारपरक उद्योग के अस्तित्व पर मंडरा रहे संकट की ओर भी ध्यान आकर्षित किया गया।

प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि यदि इन नये प्रावधानों को वर्तमान स्वरूप में लागू किया गया तो देशभर के हजारों छोटे एवं मध्यम स्तर के गुड़ एवं खांडसारी उद्योग प्रभावित होंगे, जिससे लाखों किसानों, श्रमिकों एवं इससे जुड़े व्यापारियों की आजीविका पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

इस अवसर पर एसोसिएशन के राष्ट्रीय कॉर्डिनेटर यशपाल मलिक, स्टेट कॉर्डिनेटर अजीत अग्रवाल, अरुण अग्रवाल भट्टे वाले, के.पी सिंह, विनीत कुमार एवं पुष्पेंदर सिंह सहित विभिन्न पदाधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने केंद्रीय मंत्री एवं जॉइंट सेकरेट्री को प्रस्तावित शुगर कंट्रोल एक्ट 2026 के सम्बन्ध में एक ज्ञापन सौंपा।

### मंत्री जी ने आश्वासन दिया

केंद्रीय मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा उठाए गए सभी मुद्दों पर गंभीरतापूर्वक विचार किया जाएगा तथा गुड़ एवं खांडसारी उद्योग के हित में सकारात्मक एवं व्यावहारिक निर्णय लेने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। प्रतिनिधिमंडल ने आशा व्यक्त की कि केंद्र सरकार इस पारंपरिक उद्योग के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु उद्योग जगत की भावनाओं एवं सुझावों को प्राथमिकता देगी।

## हल्दौर में रोटरी क्लब का आई कैम्प 24 को

**हल्दौर (चिंगारी)। रोटरी क्लब हल्दौर द्वारा आगामी 24 मई रविवार को निःशुल्क आई कैंप लगाया जायेगा।**

कैंप चेयरमैन रोटेरियन जितेंद्र कुमार मारवाड़ी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि रोटरी क्लब हल्दौर जनहित में निर्मल आश्रम आई इंस्टीट्यूट ऋषिकेश के सहयोग से 24 मई दिन रविवार को सीडी इंटर कॉलेज में एक निःशुल्क आई कैंप का आयोजन कर रहा है। आई कैंप में विशेषज्ञों द्वारा मोतियाबिंद के मरीजों का चयन किया जाएगा। उसी दिन मरीजों को ऑपरेशन के लिए ऋषिकेश भेज दिया जाएगा, जहां चैकअप के बाद फेको विधि से लैंस प्रत्यारोपण किया जाएगा। मरीजों का जाना-आना, ऑपरेशन, दवाएं, खाना आदि सभी निःशुल्क रहेगा। ऑपरेशन के बाद सीडी इंटर कॉलेज में ही दो बार फॉलोअप किया जाएगा। मरीज अपने साथ आधार कार्ड की फोटो कॉपी तथा अपने घर का मोबाइल नंबर साथ लेकर आएं। कैंप प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक रहेगा।

## पंचायत के बाद भाकियू ने प्रशासन को ज्ञापन दिया

### हरिद्वार चिंतन शिविर में अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान

**बिजनौर (चिंगारी)।** भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत बुधवार को गन्ना समिति परिसर बिजनौर में आयोजित की गई। पंचायत की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान ने की, जबकि संचालन मुखिया महासचिव मुकेश जांगला ने किया। पंचायत में किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर गहन चर्चा की गई और जिलाधिकारी के नाम सात सूत्रीय ज्ञापन तहसीलदार सदर आशीष सक्सेना को सौंपा गया।

ज्ञापन में किसानों के लिए यूरिया एवं डीएपी खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कराने, सिंचाई के लिए नहरों में पानी छोड़े जाने, डीजल लेते समय किसानों को फर्द आदि के नाम पर परेशान न किए जाने तथा सिंचाई के लिए निर्बाध विद्युत आपूर्ति देने की मांग उठाई गई। इसके अलावा जंगली जानवरों, गुलदार और नीलगाय से किसानों को राहत दिलाने, ग्रामीण क्षेत्रों के जर्जर संपर्क मार्गों की



मरम्मत कराने और बिलाई शुगर मिल पर किसानों का बकाया गन्ना भुगतान शीघ्र दिलाने की मांग भी प्रमुख रूप से रखी गई।

पंचायत को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान ने आगामी 15 जून से 18 जून तक हरिद्वार में आयोजित राष्ट्रीय चिंतन शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया। पंचायत में विजयपाल सिंह, महेंद्र सिंह, रामोतार सिंह, ईशूराज राणा, मनप्रीत संधू, महिपाल सिंह, कल्याण सिंह, राजेंद्र सिंह, जयप्रकाश राजपूत, गजेंद्र सिंह, सोनू विरक, चंद्रपाल सिंह, हरिराज सिंह, नितिन राणा, जितेंद्र सिंह, संदीप त्यागी, विनीत चौधरी, अमित चानमान, हनीफ, सौरभ, मयंक, जयंत, हिमांशु, प्रियांशु सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## सार संक्षिप्त

### पालिका के पेयजल शिविर का सांसद चंद्रशेखर ने किया उद्घाटन



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर पालिका परिषद नजीबाबाद की ओर से स्थानीय रेलवे स्टेशन के बाहर जायरीनों व यात्रियों के लिए ठंडे पानी के शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का सांसद चंद्रशेखर आजाद ने फीता काटकर शुभारंभ किया। पिछले कई वर्षों से पालिका के चेयरमैन इंजीनियर मुअजजम की ओर से जोगीपुरा दरगाह पर सालाना मजलिसों में शामिल होने के लिए ट्रेनों से रेलवे स्टेशन पर आने वाले जायरीनों के लिए ठंडे पानी का यह शिविर लगाया जा रहा है। सांसद चंद्रशेखर व चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम ने शिविर में जायरीनों व यात्रियों को अपने हाथों से ठंडा पानी पिलाया। सांसद चंद्रशेखर ने कहा कि गर्मी के मौसम में प्यासे को पानी पिलाना बहुत ही पुण्य का कार्य है। नगर पालिका का यह कार्य सराहनीय है। इस मौके पर दरगाह के पूर्व सचिव विशाल मेहंदी, हाजी यूनुस कुरैशी सहित काफी संख्या में नगर पालिका कर्मचारी व शहर के सम्मानित नागरिक मौजूद रहे।

### जीएसटी चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**नूरपुर ( चिंगारी )।** पुलिस ने जीएसटी चोरी से संबंधित एक मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनका चालान कर दिया। उपायक्त राज्य कर बिजनौर रेंज कार्यालय के वरिष्ठ सहायक आकाश कुमार ने नूरपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में बताया गया था कि सर्वश्री रॉयल इंटरप्राइजेज भवन फर्म के मालिक साहिम पुत्र नवाब निवासी मलिहाबाद, लखनऊ उत्तर प्रदेश ने धोखाधड़ी कर जीएसटी चोरी के उद्देश्य से फर्जी आईटीसी क्लेम किया था। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी साहिम के विरुद्ध धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया। पुलिस जांच में उक्त मामले में दो अन्य आरोपियों इल्यास पुत्र शाहिद हुसैन निवासी नानपुर (मुरादाबाद) व मौहम्मद जैद पुत्र मौहम्मद रफी निवासी लाजपतनगर (मुरादाबाद) के नाम प्रकाश में आए। पुलिस टीम ने बृहस्पतिवार को दोनों आरोपियों इल्यास व जैद को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके पास दो टैक्स इनवॉइस,दो ई-वे-बिल व एक सैमसंग कम्पनी का मोबाइल बरामद हुआ। गिरफ्तार करने वाली टीम में अपराध शाखा बिजनौर के निरीक्षण अजीत प्रताप सिंह, इंचार्ज उपनिरीक्षक श्रीकांत सत्यार्थी व कांस्टेबल किशन कुमार, पवन कुमार मौजूद रहे। थानाध्यक्ष प्रवेज कुमार का कहना है कि आवश्यक कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

### माहौल खराब करने वालों की खैर नहीं- थानाध्यक्ष

**मंडावर ( चिंगारी )।** आगामी ईद- उल - अज़हा को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से गुरुवार शाम मंडावर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नवागंतुक थानाध्यक्ष संजय कुमार तोमर ने की तथा संचालन मास्टर रघुवीर सिंह ने किया। बैठक में क्षेत्र के ग्राम प्रधानों व सर्वसमाज के लोगों ने भाग लिया। नवनियुक्त थानाध्यक्ष ने उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग ईद का त्यौहार आपसी भाईचारे और शांति के साथ मनाएं। कुर्बानी खुले स्थानों पर न करें तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें।

उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति माहौल खराब करने या अशांति फैलाने का प्रयास करे तो उसकी सूचना पुलिस को दें ताकि समय रहते कार्यवाही हो सके। बैठक में ग्राम प्रधान शिवकुमार राजपूत, जगदीश, कासिम अंसारी, साबुद्दीन, नईम मकरानी, शहजाद अहमद सिद्दीकी आदि मौजूद रहे।

# जोगीपुरा में चारों ओर गूंजी 'या अली-या अली' की सदाएं



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** जोगीपुरा स्थित विश्व प्रसिद्ध दरगाहे आलिया नजफे हिंद पर आयोजित चार रोजा सालाना मजलिसों के दूसरे दिन दरगाह पर चारों ओर या अली-या अली की सदाएं गूंज उठीं। दरगाह पर पहले दिन से ही मातमी माहौल में मजलिसों व दरगाह की जियारत का सिलसिला शुरू हो गया। शम्सुल हसन हॉल में आयोजित मजलिस को खिताब करते हुए शिया सम्प्रदाय के आलिमों ने इमाम हुसैन व उनके साथियों की दीन व इस्लाम के लिए दी गई कुर्बानियों का जिक्र किया। इन सभी उलेमाओं ने हजरत इमाम हुसैन व उनके साथियों द्वारा दीन व इस्लाम की हिफाजत के लिए दी गई कुर्बानियों, उन पर हुए जुल्म-ओ-सितम का जिक्र किया तो जायरीन जार-जार रोने लगे। जायरीनों ने सीनाजनी भी की। दरगाह पर जायरीनों द्वारा नम आंखों से बारगाहे मौला अली में नजराना-ए-अकीदत पेश कर मन्नते मांगने का सिलसिला जारी है। जोगीरम्पुरी दरगाह के प्रशासक मौलाना शबाब हसन नकवी की देखरेख में चल रही मातमी मजलिसों में जायरीनों के ठहरने, मातमी जुलूसों व जायरीनों के आवागमन के रास्तों पर शिद्दत की गर्मी से बचने के लिए स्पेशल पंखे, कूलर आदि की व्यवस्था की गई है। दरगाह के मीडिया प्रभारी जिया अब्बास भी जायरीनों व मेहमानों की खिदमत में लगे हुए है। जायरीनों ने दरगाह परिसर में इमाम हुसैन की कुर्बानी की याद में बनाए गए स्थान की जियारत की।

# गंदगी की भरमार, अस्पताल खुद बीमार



**स्योहारा ( चिंगारी )।** सरकारी अस्पताल में गंदगी की भरमार है कोई भी इस और ध्यान देने को तैयार नहीं है। सरकारी अस्पताल में एक बच्चे का डायपर्स पड़ा है, पास ही कुता सो रहा है और मरीज बैठे हैं, लेकिन सफाई करने वालों का ध्यान नहीं गया। ऐसे में सवाल है कि अगर यही हालात सरकारी अस्पताल के रहे तो कैसे लोगों का उपचार होगा। स्वास्थ्य लाभ की जगह गंदगी से होने वाली बिमारियों को साथ लेकर जाएगे। सीएचसी प्रभारी से जब जानकारी ली गयी तो उन्होंने बताया कि वह मिटिंग में हैं और अभी जानकारी करते हैं ऐसा है तो सफाई कराई जाएगी।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर योग शिविर आयोजित



बिजनौर (चिंगारी)। पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी बी.आर.पाल की अध्यक्षता में जानकीपुरम में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर आयोजित योग शिविर के दूसरे दिन विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। शिविर में डॉ. नीरज कुमार, संजीव चौधरी एवं एस.के. मिश्रा ने संयुक्त रूप से मंडूकासन, गोमुखासन, मर्कटासन, सूर्य नमस्कार और सर्वांगासन का अभ्यास कराया। इसके साथ ही भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम-विलोम एवं भ्रामरी प्राणायाम भी करवाए गए। कार्यक्रम के अंत में ताली वादन और हास्य योग के माध्यम से प्रतिभागियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। योग शिविर में भारत भूषण मित्तल, नरेश अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, रोहिताश सिंह, निपेंद्र सिंह, सुभाष सिंह सहित लक्की चोपड़ा परिवार समेत अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। संजीव चौधरी के पूरे परिवार ने शिविर के सफल आयोजन में सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम के अंत में जानकीपुरम के लोगों ने योग शिविर में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों एवं आयोजकों का आभार व्यक्त किया। शिविर में महिलाओं और बच्चों की भी उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिली।

## ससुराल जा रही महिला की चलते ट्रेन से नीचे गिरकर मौत

**नजीबाबाद ( चिंगारी )। स्थानीय रेलवे स्टेशन पर चलती ट्रेन में चढ़ती समय एक महिला की नीचे गिरकर मौत हो गई है। नगर के मौहल्ला चारबाग निवासी शादमा पत्नी हनीफ अपनी ससुराल सीलमपुर दिल्ली जाने के लिए चलती सिद्धबली जनशताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन में चढ़ रही थी। ट्रेन में चढ़ने के दौरान महिला अचानक फिसलकर ट्रेन व प्लेटफार्म के बीच में फंस गई। मौके पर मौजूद यात्रियों ने शोर मचाया, जिसके बाद रेलवे पुलिस व स्टेशन स्टाफ ने तत्काल मौके पर पहुंचकर काफी मशक्कत के बाद महिला को वहां से निकाला। गंभीर रूप से घायल महिला को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समीपुर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया।**

### व्यापारी नेता शाहिद सिद्दीकी के भाई का निधन

नजीबाबाद (चिंगारी)। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के नगर अध्यक्ष शाहिद सिद्दीकी के मौहल्ला पठानपुरा निकट जामा मस्जिद निवासी बड़े भाई मोईनुद्दीन उर्फ बन्नू का निधन हो गया, जिससे उनके परिवार में कोहराम मच गया। मोईनुद्दीन एक मिलनसार व एक नेक इंसान थे। व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ, नवाब नजीबुद्दौला शाखा अध्यक्ष मोनू टाटा सहित काफी संख्या में व्यापारियों ने शोक जताया।

# गर्मी बुरी तरह से सता रही, बिजली की आंख मिचौनी रूला रही

### लोगों को सारी-सारी रात नींद नहीं आ रही



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** लगातार भीषण गर्मी से लोग झुलस रहे हैं। प्रतिदिन बढ़ती गर्मी ने सभी को पसीना-पसीना कर रखा है। गर्मी के साथ बिजली की आंख-मिचौनी व कम वोल्टेज आने की समस्या बढ़ने से लोगों का दिन का चैन सुकून व रात की नींद उड़ गई है। भीषण गर्मी के बीच पूरे दिन व रात बिजली के आने व जाने का सिलसिला चलने से लोगों को पूरी-पूरी रात नींद नहीं आ पा रही है। नगर के मौहल्ला मकबरा, बांसफोड़ान सहित कई मौहल्लों में पिछले कई दिनों से बिजली के कम वोल्टेज तथा बिजली के बार-बार आने व जाने की समस्या से लोग परेशान हैं। तपती धूप के बीच लोगों का गर्मी में अपने घरों से निकलना दूभर है। बाहर निकलने पर धूप पसीने-पसीने कर रही है, घर में बैठों तो लोगों के जरूरी काम भी नहीं हो पाते। सुबह से ही तेज धूप व तपते सूरज ने गर्मी को बढ़ा दिया है। गर्मी में सभी ट्रांसफार्मरों पर ओवरलोड के चलते कम वोल्टेज की समस्या पैदा होने से विद्युत उपकरण नहीं चल पा रहे तथा शोपीस बने हुए हैं। भीषण गर्मी में प्रत्येक घर में पंखों, कूलर व एसी का लोड बढ़ने से बिजलीघर की मशीनों पर इसका सीधा असर पड़ने से बिजली मशीनों व लाइनों में फाल्ट आने से बिजली की समस्या बढ़ती जा रही है। बिजली आते ही वोल्टेज सही आते हैं, मगर लोड बढ़ने के कारण धीरे-धीरे कुछ ही समय में वोल्टेज इतने कम हो जाते हैं कि लोगों को अपने एसी, कूलर व फ्रिज बंद करने पड़ते हैं। बिजली आने व जाने का सिलसिला चलने से कभी-कभी पूरी रात लोगों को अपने विद्युत उपकरण जैसे कूलर व एसी सारी रात खोलने व बंद करने में लगाना पड़ता है। जिन लोगों के घरों में ऑटोमैटिक स्टैबलाइजर नहीं है तथा वह रोटरी वाले स्टैबलाइजरों से वोल्टेज बढ़ाते और घटाते हैं इस भीषण गर्मी में उन्हें सारी रात इन स्टैबलाइजरों पर बिजली आने व जाने पर वोल्टेज बढ़ाने व घटाने में लगना पड़ता है। इस संबंध में एसडीओ शहरी गवेंद्र सिंह ने बताया कि गर्मी में ओवरलोड के चलते बिजलीघरों में खराबी व बार-बार 33 व 11 हजार की लाइनों में फाल्ट आने से विद्युत आपूर्ति बाधित हो जाती है। बिजली विभाग इन समस्याओं के आने पर रात में भी अपनी टीम लगाकर लगातार इस तरह की समस्या को दूर कराने का काम कर रहा है। आगे इस तरह की समस्याएं न आए इसके लिए भी विभाग लगातार प्रयासरत है।

## मॉडर्न ऐरा पब्लिक स्कूल में समर कैम्प का आयोजन



**मंडावर ( चिंगारी )।** मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल, मंडावर में शुक्रवार से समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है, जिसका शुभारंभ आज विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ. मदन सिंह रावत द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस समर कैंप में विद्यार्थियों को बैडमिंटन, टेबल-टेनिस, कैरम, वॉलीबॉल, जैसे खेल तथा डांस, आर्ट एंड क्राफ्ट, गायन-वादन, पेंटिंग, कुकिंग विदाउट फायर, फ्लावर मेकिंग, मेहंदी, हिंदी, अंग्रेजी बोलना-लिखना, कंप्यूटर कोडिंग आदि सिखाया जाएगा। इस कैंप में लगभग 700 विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। सभी बच्चों के लिए समर कैंप के दौरान जलपान की उचित व्यवस्था की गई है। बच्चे जलपान का विशेष आनंद ले रहे हैं तथा उत्साहपूर्वक विभिन्न प्रकार की गतिविधियां सीख रहे हैं। विद्यालय प्रधानाचार्य ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सभी विद्यार्थी इस प्रकार की गतिविधियों में हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभाओं का बेहतरीन प्रदर्शन करें और अपने भविष्य की नींव मजबूत करें ।


कैसा भी दर्द हो मात्र 10 मिनट में राहत वह भी बिना दवाइयों के
शक्तिपात योग थैरेपी
कमर-घुटने के दर्द, साईटिका डिस्क स्लिप के लाइलाज वाले तुरंत सम्पर्क करें-
शिव शक्ति योग पीठ
जानकीपुरम, कृष्णा कॉलेज के सामने, नूरपुर रोड, बिजनौर
मो. 9870746060

### वर्धमान कॉलेज में अर्थशास्त्र के विद्यार्थियों की मौखिक परीक्षा 23 को

**बिजनौर ( चिंगारी )। वर्धमान कॉलेज में बीए छठा सेमेस्टर ( अर्थशास्त्र ) के विद्यार्थियों की मौखिक परीक्षा दिनांक 23 मई को प्रातः 11:30 से कक्ष संख्या बी-5 में होगी। कक्षा के सभी विद्यार्थियों को निश्चित स्थान एवं निश्चित समय पर अपने प्रवेश पत्र फाइल एवं प्रोजेक्ट के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित होना होगा, ऐसा न करने पर विद्यार्थी का स्वयं का उत्तरदायित्व होगा। यह जानकारी विभाग प्रभारी डा. चारूदत्त आर्य ने दी।**




## सांसद चंद्रशेखर व चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम के बीच हुआ मुकाबला

### रोमांचकारी मैच देखने के लिए उमड़ी दर्शकों की भीड़



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर के स्टैब्स ग्राउंड में सांसद चन्द्रशेखर आजाद इलेविन व चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम इलेविन के बीच मैत्री क्रिकेट मैंच खेला गया। क्रिकेट मैच में टॉस जीतकर सांसद चंद्रशेखर की टीम ने पहले बल्लेबाजी की। सांसद चंद्रशेखर ने अपनी टीम के साथ चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जज की टीम को मैच में पराजित कर दिया। सांसद व चेयरमैन के बीच यह रोमांचकारी मैच देखने के लिए स्टैब्स ग्राउंड में दर्शकों की भारी भीड़ रही। क्रिकेट प्रेमियों ने बड़े ही उत्साह के साथ इस क्रिकेट मैच का लुत्फ उठाया। सांसद चंद्रशेखर ने कहा कि वह राजनीति ही नहीं बल्कि क्रिकेट खेलना भी जानते हैं। चेयरमैन इंजी. मुअज्जम ने कहा कि उन्हें मैच में हार मिली कोई बात नहीं, मगर जनता एक बार फिर जिताएगी। इस अवसर पर आजाद समाज पार्टी मुरादाबाद मंडल प्रभारी व नगर पंचायत साहनपुर के चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी, सभासद मोहम्मद अच्छन राईन, राकेश जुनेजा, अजमल खान, फराज आब्दी, राशिद हुसैन, मोहम्मद फैसल आदि मौजूद रहे।

### बिजली के तारों मे लगी आग, मोहल्ले में भागमभाग

**स्योहारा ( चिंगारी )।** मोहल्ला चौधरियान में बीती रात अचानक 11 हजार की लाइन में आग लग गयी, जिससे हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंचे बिजली कर्मचारियों ने बामुश्किल आग पर काबू पाया। बिजली आपुर्ति सुचारू रूप से जारी रखने के लिए विद्युतकर्मी लाइन ठीक करने में लगे हैं। अवर अभियंता विद्युत ने जानकारी देते हुए बताया कि अत्यधिक गर्मी और ओवरलोडिंग के कारण आग लग गयी थी, जिसको समय रहते काबू किया गया। कोई जनमानस की हानि नहीं हुई है। विद्युत आपुर्ति को जल्द ही सुचारू रूप से चालू कर दी जाएगी।

बिजनौर में खुल गया है
ATHER ATHER

इलेक्ट्रिक स्कूटर के बादशाह
एथर का शोरूम
Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

# भीषण गर्मी में बिजली कटौती बनी काल रिकॉर्ड तोड़ तापमान से जनता बेहाल

मंडावर ( चिंगारी )। पिछले 72 घंटों से बिजली ने बुरा हाल कर रखा है। लोग भीषण गर्मी को देखते हुए सड़कों पर चरपाई डालने को मजबूर है, लेकिन बिजली विभाग मौन है। उधर, जनता में हाहाकार के बाद भी कोई जनप्रतिनिधि सुध लेने को तैयार नहीं है। जनता करे तो करे क्या? अगर आम जनता बिजली घर पर धरना दे तो मुकदमा लगने का डर, सड़क जाम करे तो मुकदमा लगने का डर आखिकार इतनी भीषण गर्मी में जान कैसे बचे। भीषण गर्मी ने आम जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। बढ़ते तापमान ने पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए, जिससे दोपहर में सड़कों पर कर्फ्यू जैसा सन्नाटा पसर जाता है। हालात तब और बिगड़ गए जब भीषण गर्मी के बीच बिजली की आंख-मिचौनी ने लोगों को घरों में भी चैन से नहीं बैठने दिया। दोपहर में चिलचिलाती धूप तंदूर की तरह तप रही थी और लोग घरों में दुबके रहने को मजबूर थे। इसी दौरान बार-बार हो रही अघोषित बिजली कटौती ने लोगों के पसीने छुड़ा दिये। कई-कई घंटों तक बिजली गुल रहने से पंखे, कूलर ठप हो गए और लोगों को उमस भरी गर्मी में भारी परेशानी झेलनी पड़ी। स्थानीय लोगों शहजाद अहमद सिद्दीकी, शलभ अग्रवाल, गौरव राजपूत, चौधरी मांगे राम, नईम सिद्दीकी, शावेज़ जिम वाले, मुस्तकीम एड., महेंद्र सैनी का कहना है कि गर्मी के इस मौसम में बिजली विभाग की लापरवाही लोगों पर भारी पड़ रही है। बच्चे, बुजुर्ग और बीमार लोग सबसे ज्यादा परेशान हैं। लगातार हो रही बिजली कटौती से नाराज लोगों ने बिजली विभाग के खिलाफ आक्रोश जताया है। जनता ने प्रशासन से मांग की है कि गर्मी को देखते हुए बिजली आपूर्ति सुचारू की जाए, ताकि लोगों को इस प्रचंड गर्मी से कुछ राहत मिल सके। वहीं विद्युत विभाग का कोई भी छोटा बड़ा अधिकारी फोन उठाने को तैयार नहीं, जनता शिकायत करे तो किससे।

## डीएम ने निर्देश दिये

**जब इस बारे में जिलाधिकारी जसजीत कौर से वार्ता हुई तो उन्होंने बताया कि विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि जहां-जहां विद्युत आपूर्ति में कोई दिक्कत आ रही है, उसे जल्द सही कराए, ताकि भीषण गर्मी में जनता को कोई परेशानी न हो सके।**


गौरव राजपूत | मांगेराम | मुस्तकीम | शलभ अग्रवाल | शाहवेज

# राहगीरों को पिलाया शीतल जल



बरुकी ( चिंगारी )। भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान के बीच बरुकी में फौजी गारमेंट्स के सौजन्य से राहगीरों को शीतल जल पिलाने का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों को गर्मी से राहत देने के उद्देश्य से राहगीरों को ठंडा पानी उपलब्ध कराया गया। आयोजकों ने कहा कि भीषण गर्मी के मौसम में प्यासे लोगों को शीतल जल उपलब्ध कराना एक पुण्य कार्य है तथा ऐसे सामाजिक कार्य समाज में सेवा और सहयोग की भावना को बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने शीतल जल ग्रहण किया। इस अवसर पर खजान कश्यप, समरपाल सिंह पाल, बृजेश कुमार आर्य, सोनू पाल प्रधान, राजकुमार फौजी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# एसएसपी के नेतृत्व में अपराधियों पर कसता दून पुलिस का शिकंजा

## चोरी की घटना का 24 घंटे के भीतर खुलासा, शातिर मोबाइल चोर गिरफ्तार



देहरादून ( चिंगारी )। अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत दून पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना नेहरू कॉलोनी पुलिस ने मोबाइल चोरी की घटना का महज 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किए गए दो मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं। जानकारी के अनुसार, दिनांक 19 मई 2026 को वादी फारुख खान पुत्र इजहार हुसैन निवासी नियर गोविंद हॉस्पिटल, जोगीवाला, देहरादून ने थाना नेहरू कॉलोनी में लिखित तहरीर देकर बताया कि अज्ञात चोर उनके दो मोबाइल फोन चोरी कर ले गया है। तहरीर के आधार पर थाना नेहरू कॉलोनी में मु.अ.सं.-178/26 धारा 305 (ए) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।घटना की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी देहरादून के निर्देश पर तत्काल पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने घटनास्थल और आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली तथा संदिग्ध गतिविधियों का विश्लेषण कर आवश्यक जानकारियां जुटाईं। जांच के दौरान मिले सुरागों के आधार पर पुलिस ने 20 मई 2026 की रात्रि चेकिंग अभियान के दौरान मुखबिर की सूचना पर विशाल मेगा मार्ट के पीछे से आरोपी अमित कुमार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त के पास से चोरी किए गए दोनों मोबाइल फोन बरामद किए गए, जिनमें एक ओप्पो कंपनी तथा दूसरा रियलमी कंपनी का मोबाइल शामिल है।

# सड़कों पर न कुर्बानी, न नमाज

## शासन-प्रशासन की गाइड लाइन के अनुसार मनायें ईद-उल-अजहा

**शेरकोट ( चिंगारी )। ईदुल अजहा के मद्देनजर आयोजित हुई शांति समिति की बैठक में अधिकारियों ने त्यौहार को शासन प्रशासन की गाइड लाइन का पालन करते हुए सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की।**



बृहस्पतिवार की शाम थाना प्रांगण में आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने शासन प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशो पर रोशनी डाली। उन्होंने कहा सौहार्द पूर्ण वातावरण में ईद का त्यौहार मनाए और प्रतिबंधित जानवरों की कुर्बानी ना करें । उन्होंने कहा कि किसी को भी सडकों पर कुर्बानी करने या नमाज़ पढ़ने की इजाजत नहीं दी जाएगी और दिशानिर्देशो का उल्लघंन कर माहौल बिगाड़ने का प्रयास करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने क्षेत्रवासियों से एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करते हुए सौहार्द पूर्ण वातावरण में त्यौहार मनाने और शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने की अपील की। बैठक को संबोधित करते हुए नगर पालिका ईओ कृष्ण मुरारी ने ईद के मौके पर पालिका द्वारा की जाने वाली व्यवस्थाओं के बारे बताते हुए कहा गत वर्षों की भांति इस बार भी कुर्बानी के तीनों दिन अवशेष उठाने और लगातार जल आपूर्ति जारी रखने के लिए विशेष इंतजाम किए गए है। उन्होंने नागरिकों से कुर्बानी के अवशेष पालिका की कूड़ा उठाने वाली गाड़ियों में ही डालने और नगर को गंदगी मुक्त रखने में पालिका का सहयोग करने की अपील की है। उन्होंने कहा पालिका की टीम सफाई व्यवस्था को लेकर पूरी तरह अलर्ट रहेगी, कहीं भी दिक्कत आने पर तत्काल नगर पालिका कार्यालय में इसकी सूचना दें। ताकि समस्या को दूर कराया जा सके। बैठक में सभासद सलीम खान, इकबाल अहमद, इरशाद अहमद मोहम्मद जावेद, प्रधान रियाजुद्दीन, चांद खां,फरीद अहमद, शाहजाद मंसूरी, शीशराम सिंह, प्रदीप कुमार, राजेश सिंह, वेद प्रकाश शर्मा, मोहन सिंह, दयाराम सिंह, जयपाल सिंह, राजेश कुमार आदि नगर व ग्रामीण क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# महिला को खेत में खींचकर दुष्कर्म का अरोपी गिरफ्तार



नूरपुर ( चिंगारी )। नूरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपने पति के साथ स्थानीय निवासी एक किसान परिवार में काम करते है। महिला का कहना है कि गत सोमवार को उसका पति किसान के खेत पर पानी लगाने गया था। देर तक जब उसका पति जंगल से घर वापस नहीं लौटा तो वह पति को देखने जंगल चली गई। आरोप है कि जंगल जाते समय गांव ढेला अहीर निवासी युवक मोनू ने उसे गन्ने के खेत मे खींच लिया तथा जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए उसके साथ गलत काम किया। इस बीच उसके पति को आता देखकर आरोपी युवक मौके से फ़रार हो गया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपी युवक के विरुद्ध सम्बंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है। पुलिस के अनुसार घटना के बाद से आरोपी युवक फ़रार चल रहा था। थानाध्यक्ष प्रवेज कुमार ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए उपनिरीक्षक राजवीर सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की। पुलिस टीम ने बृहस्पतिवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया।

# पुलिस मुठभेड़ के दौरान फरार, आरोपी 15 माह बाद गिरफ़्तार

नांगल सोती ( चिंगारी )। साढ़े 15 माह पूर्व पुलिस से हुई मुठभेड़ के दौरान फरार हुए आरोपी को पुलिस ने चोरी किये गये आभूषण एवं नकदी के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। जबकि उसी दौरान फरार हुए इसके भाई को पुलिस ने विगत 6 मई की रात्रि में गिरफ्तार किया था। 7 फरवरी, 2025 की रात्रि सुंगरपुर बेहड़ा के जंगल में नांगल पुलिस एवं बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई। पुलिस की गोली एक बदमाश हरि सिंह के पैर में लगी थी। घायल बदमाश सहित 5 बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था, जबकि 3 बदमाश अंधेरे का लाभ उठाकर भाग निकलने में कामयाब हो गये थे। गिरफ्तार बदमाशों के कब्जे से पुलिस ने अवैध शस्त्र, चोरी किये गये आभूषण एवं नकदी तथा चोरी करने में प्रयुक्त होने वाले उपकरण बरामद किये थे। पुलिस के अनुसार इन शातिर बदमाशों ने 23/24 दिसम्बर, 2024 की रात्रि में आदेश कुमार निवासी सराय आलम के घर में, 22/23 जनवरी, 2025 की रात्रि में ग्राम सुंगरपुर बेहड़ा में पीतम सिंह व मोहित एड. के घरों में और 1/2 फरवरी की रात्रि में सुंगरपुर बेहड़ा में रोहिताश सिंह के घर में चोरी की थी। विगत 6 मई की रात्रि में पुलिस ने 25 हजार के इनामी अजीत पुत्र कुंदन उपरोक्त को सुंगरपुर बेहड़ा से चोरी की गई पीली धातु की लौंग, 2600 रु. की नकदी, 315 बोर के तमंचे तथा एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया था। थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर ने बताया कि एक अन्य वांछित अशोक उर्फ जहरीला पुत्र कुंदन को बृहस्पतिवार को ग्राम सैदपुरी के जंगल में स्थित पटाखा फैक्ट्री के पास से गिरफ्तार किया गया है। उसके कब्जे से चोरी किया गया पीली धातु का कान का टॉप्स एवं 1650 रूपये की नकदी बरामद की गई है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया।


पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया बदमाश अशोक उर्फ जहरीला।

# जहां चाह वहां राह, खंभे पर चढ़े प्रेमी का प्रमिका से हुआ निकाह



स्योहारा ( चिंगारी )। ग्राम शाफियाबाद निवासी समीर पुत्र फुरकान मंगलवार रात प्रेमिका से निकाह कराने की मांग को लेकर रेलवे लाइन किनारे लगे हाईटेंशन बिजली खंभे पर चढ़ गया था। करीब दो घंटे तक चले हाई वोल्टेज ड्रामे के बाद पुलिस ने युवक को सकुशल नीचे उतार लिया था। इसके बाद पुलिस ने युवक का शांतिभंग में चालान कर दिया था। युवक और युवती एक ही गांव के रहने वाले हैं और लंबे समय से दोनों के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था। हालांकि दोनों अलग-अलग बिरादरी से होने के कारण निकाह को लेकर परिवारों में सहमति नहीं बन पा रही थी। मंगलवार रात हुए घटनाक्रम के बाद मामला पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया था। बुधवार शाम युवक को जमानत मिलने के बाद गांव के संभ्रांत लोगों और रिश्तेदारों की मौजूदगी में दोनों पक्षों के बीच बातचीत शुरू हुई। काफी देर तक चली पंचायत में समझाइश के बाद आखिरकार दोनों परिवार निकाह के लिए राजी हो गए। इसके बाद बृहस्पतिवार को धार्मिक रीति-रिवाज के साथ दोनों का निकाह करा दिया गया। निकाह के बाद दोनों परिवारों में सौहार्दपूर्ण का माहौल नजर आया। वहीं गांव में भी दिनभर इस प्रेम कहानी और हाई वोल्टेज ड्रामे के सुखद अंत की चर्चा होती रही।

# वनकर्मियों ने चलाया चैकिंग अभियान

अफ़जलगढ़ ( चिंगारी )। बृहस्पतिवार को वन एवं वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम तथा वन अग्नि सुरक्षा को लेकर उप प्रभागीय वनाधिकारी कालागढ़ के निर्देशन में कॉर्बेट टाइगर रिजर्व की सीमा पर स्थित मलोनी ग्राम में वन कर्मियों द्वारा सघन चैकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान वनकर्मियों द्वारा ग्रामीणों से जंगल में आग न लगाने, वन्यजीवों की गतिविधियों की सूचना तत्काल वन विभाग को देने तथा संदिग्ध गतिविधियों से सतर्क रहने की अपील की गई। उन्होंने कहा कि वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए ग्रामीणों का सहयोग बेहद जरूरी है। इस दौरान नंदकिशोर रुवाली वन क्षेत्राधिकारी कालागढ़, वन दरोगा सरत सिंह एवं अन्य वन कर्मी शामिल रहे।



# भारतेन्द्र सिंह के साथ डीएम से मिले किसान चाहते हैं बिजली की समस्याओं का समाधान



बिजनौर ( चिंगारी )। पूर्व सांसद राजा भारतेन्द्र सिंह के साथ विद्युत उपकेंद्र उलेढा से जुड़े ग्राम वासियों ने जिलाधिकारी बिजनौर श्रीमती जसजीत कौर से मिलकर विद्युत आपूर्ति में आ रही समस्याओं को रखा। ग्रामीणों ने बताया कि विगत दिनों आये तूफान से विद्युत पोल एवं लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। 15 दिन बाद भी विद्युत आपूर्ति सुचारू नहीं हो पाई है, जिससे किसानों के सामने फसलों की सिंचाई की समस्या खड़ी हो गई है। साथ ही किसानों ने यह भी मांग की किसानों को आठ घंटे विद्युत आपूर्ति को कुछ दिनों के लिए 24 घंटे की जाए जिससे फसलों की सिंचाई की पूर्ति हो सके। ग्राम फतेहपुर कंला, चक फतेहपुर, कुतुबपुर गढी, सैदाबाद, मानिकपुरी, मुकरपुर गुर्जर के किसान रवि देशवाल, अभिषेक राठी, कामेन्द्र सिंह, रामेन्द्र सिंह, विनित चौधरी, शक्ति सिंह, देवेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

# नलकूपों से केबल, स्टार्टर चोरी

नांगल सोती ( चिंगारी )। विगत रात्रि चोरों ने कई नलकूपों से केबल तथा अन्य विद्युत उपकरण चोरी कर लिये। एक नलकूप की कोठरी का ताला तोड़कर स्टार्टर भी चोरी कर लिया गया। नांगल थानांतर्गत ग्राम हरचंदपुर तथा महमसापुर में दो-दो नलकूपों पर चोरी की गई है। हरचंदपुर निवासी नवाब ने बताया कि उसके नलकूप की कोठरी का ताला तोड़कर चोर स्टार्टर, केबल तथा सूंडा पाइप चोरी करके ले गये हैं। हरचंदपुर के ही पवन पुत्र रूपचंद के नलकूप की कोठरी का ताला तोड़कर केबल तथा तीनों कट-आउट के हत्थे चोरी करके ले गये। महमसापुर निवासी सोहन के नलकूप से केबल और एक कट-आउट का हत्था तथा राजीव कुमार उर्फ राजू के नलकूप से केबल और तीनों कट-आउट के हत्थे चोरी करके ले गये। इन घटनाओं से किसान काफी चिंतित हैं।

एक नलकूप से काटकर चोरी किये गये केबल का अवशेष



# हेज़लमून स्कूल में हुई इन्वेस्टीचर सेरिमनी




चांदपुर ( चिंगारी )। द हेज़लमून स्कूल में सत्र 2026-27 के लिए इन्वेस्टीचर सेरिमनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री मंत्र के साथ हुआ। कार्यक्रम में व्हाइट हाउस मेंबर्स एवं कोऑर्डिनेटर्स द्वारा हाउस मास्टर्स एवं मेंटोर्स को बैज पहनाए गए। तत्पश्चात स्टूडेंट काउंसिल के सदस्यों, कैप्टन, वाइस कैप्टन तथा प्रीफेक्ट्स को बैज एवं सैश पहनाकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की स्टूडेंट काउंसिल में स्कूल हेड बॉय आदित्य चौधरी, स्कूल हेड गर्ल संस्कृति अग्रवाल, डेप्युटी हेड बॉय आदर्श कुमार, डेप्युटी हेड गर्ल बरीना फातिमा, स्पोर्ट्स कैप्टन नवेद आलम, डिसिप्लिन इंचार्ज रब कुमार त्यागी तथा कल्चरल हेड नमरा साद को भी बैज एवं सैश पहनाकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्या श्रीमती गरिमा सिंह द्वारा सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। सभी हाउसों द्वारा आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत किया गया, जिसने कार्यक्रम में उत्साह का संचार किया। इस अवसर पर विद्यालय की निर्देशिका श्रीमती शक्ति अनिरुद्ध मित्तल व चेयरमैन श्री अनिरुद्ध मित्तल ने अपने विचार रखे।

# गन्ना परिषद के पूर्व चेयरमैन का निधन

नहटौर ( चिंगारी )। गन्ना परिषद धामपुर के चेयरमैन रहे ग्राम काजीपुरा सलारपुर निवासी चौ.ओमपाल सिंह का आकस्मिक निधन हो गया। परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं उनके समर्थकों में शोक छा गया। गंगा बैराज पर ओमपाल सिंह के पार्थिव शरीर का दाह संस्कार किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री ठाकुर मूलचंद चौहान, पूर्व सांसद इजी. यशवीर सिंह धोबी, रालोद नेता अशोक चौधरी, मनु गौड़, सहित अनेक हस्तियां मौजूद रही। चौधरी ओमपाल सिंह के नाम लंबे समय तक गन्ना विकास परिषद धामपुर का चेयरमैन एवं साधन सहकारी समिति हमीदपुर का सभापति रहने का रिकॉर्ड रहा है। वर्तमान में चौ. ओमपाल सिंह के भतीजे विशाल चौधरी की पत्नी अंशु चौधरी ग्राम प्रधान है।


फाइल फोटो

# भुड्डी में वार्ड चौपाल का आयोजन किया गया

किरतपुर ( चिंगारी )। नगर पालिका परिषद किरतपुर द्वारा मलिन बस्ती वार्ड भुड्डी में एक वार्ड चौपाल का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता नगर पालिका परिषद किरतपुर अधिशासी अधिकारी श्रीमती मेघा गुप्ता व संचालन प्रधान लिपिक हसन मुस्तफ़ा व मुस्लिम इंटर कॉलेज के अध्यापक नवेद अहमद द्वारा किया गया। वार्ड चौपाल के मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी आशुतोष रामप्यारे जायसवाल रहे, जिनका स्वागत अधिशासी अधिकारी श्रीमती मेघा गुप्ता द्वारा बुके एवं वार्ड भुड्डी की सभासद सीमा देवी द्वारा अंबेडकर जी की प्रतिमा देकर किया गया। वार्ड चौपाल मै उपस्थित व्यक्तियों से उपजिलाधिकारी द्वारा सीधे संवाद किया गया, जिसमे उनकी शिकायतें सुनी गई, और तत्काल समस्याओं के निवारण हेतु संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया गया। मलिन बस्ती मौहल्ला भुड्डी में पीएम आवास योजना से लगभग 100 से अधिक एवं पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत 50 से अधिक स्ट्रीट वेंडर्स लोन से लाभान्वित हो चुके है। चौपाल मै पालिका अवर अभियंता यशवंत सिंह, लेखपाल आलोक यादव, लेखा लिपिक सुरेन्द्र सिंह, कर निरीक्षक ज्ञानेश्वरानंद, कर समाहर्ता बाबूराम, आवेश ठेकेदार, रिजवान ठेकेदार, वार्ड सभासद पति अमित कुमार, लाइनमैन उमेंद्र, मुस्तकीम, प्रशांत, नासिर, अदनान, अजहर, नौमान, संजीव आदि पालिका कर्मचारी एवं गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।


एसडीएम का स्वागत करते हुये ईओ व सभासद सीमा देवी।

# एसआईआर की तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी ने ली बैठक



**नैनीताल ( चिंगारी )।** उत्तराखण्ड में आगामी विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम को लेकर जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ललित मोहन रयाल की अध्यक्षता में गुरुवार को कैंप कार्यालय हल्द्वानी में जनपद के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों एवं उनके अधिकृत बीएचए-2 के साथ भौतिक एवं वर्चुअल बैठक संपन्न हुई।

बैठक में जनपद के समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों सहित वर्चुअल माध्यम से अन्य अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया।

बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी रयाल ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण हेतु निर्धारित संपूर्ण शैड्यूल एवं दिशा-निर्देशों की विस्तृत जानकारी सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को दी। उन्होंने बताया कि एसआईआर का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को त्रुटिरहित, अद्यतन एवं पारदर्शी बनाना है, ताकि कोई भी पात्र मतदाता वोट के अधिकार से वंचित न रहे। उन्होंने बताया की एसआईआर का उद्देश्य प्रत्येक पत्र मतदाता का नाम निर्वाचन में सम्मिलित किया जाना तथा अपात्र मृत स्थानांतरित एवं डुप्लीकेट मतदाताओं को हटाकर निर्वाचक नामावली को शुद्ध एवं विश्वसनीय बनाना है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी राजनैतिक दलों से अपील की कि वे शत प्रतिशत अपने-अपने बूथ लेवल एजेंट (बीएचए) नियुक्त कर एसआईआर कार्यक्रम में सक्रिय सहयोग प्रदान करें उन्होंने बताया कि जनपद नैनीताल में 1010 पोलिंग स्टेशन के सापेक्ष इंडियन नेशनल कांग्रेस द्वारा 793 एवं भारतीय जनता पार्टी द्वारा 1001 बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति की गई है।

बैठक में अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक राय, सिटी मजिस्ट्रेट एपीआर बाजपेई, एडीईओ एचडी पाण्डे एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि शिव गणेश, जिला अध्यक्ष बसपा कृष्णा पांडे इंडियन नेशनल कांग्रेस, दिनेश खुलवे भारतीय जनता पार्टी, मनीष पाल भारतीय जनता पार्टी सहित अन्य पदाधिकारी तथा वर्चुअल माध्यम से अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तृतीय चक्र में उत्तराखण्ड राज्य हेतु विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-**

**एस.आई.आर. पात्रता की तिथि 01 जुलाई, 2026**
**तैयारी प्रशिक्षण एवं मुद्रण 29 मई, 2026 से 07 जून, 2026**
**बीएलओ द्वारा घर-घर विजिट 08 जून, 2026 ये 07 जुलाई, 2026**
**मतदान केन्द्रों का युक्तिकरण 07 जुलाई, 2026**
**मतदाता सूची का आलेख प्रकाशन 14 जुलाई, 2026**
**दावे-आपत्तियों के दर्ज की अवधि 14 जुलाई, 2026 से 13 अगस्त, 2026**
**नोटिस फेज दावे-आपत्तियों का निस्तारण 14 जुलाई, 2026 से 11 सितम्बर, 2026**
**मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन 15 सितम्बर, 2026**



## राज्य निर्माण सेनानियों ने दी भुवनचंद खंडूडी को श्रद्धांजलि

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानियों की एक बैठक आईएसबीटी परिसर ऋषिकेश शहीद स्मारक भवन में आहुत की गई। बैठक में उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सांसद मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूरी के निधन पर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वक्ताओं ने कहा कि उत्तराखंड में एक बड़ा राजनेता अपने बीच से खो दिया जिसकी भरपाई कभी नहीं हो सकती। भुवन चंद खंडूरी बहुत बड़े राजनेता थे। उनकी कार्यशैली ऐसी थी वह राजनेताओं से बिल्कुल अलग थे। बैठक में मुख्य रूप से समिति के प्रदेश अध्यक्ष डीएस गुसाईं, गंभीर मेवाड़, बलवीर सिंह नेगी, चंदन सिंह पवार, रमेश रतूड़ी, भगवती प्रसाद सेमवाल, रुक्म सिंह, पोखरियाल, जगदंबा प्रसाद भट्ट, राजेंद्र कोठारी, महेंद्र सिंह बिष्ट, बृजेश डोभाल पूर्व राज्य मंत्री श्रीमती उषा रावत, कुसुम लता शर्मा, सरोजिनी थपलियाल अनेक लोग थे। बैठक की अध्यक्षता बलवीर सिंह नेगी तथा संचालन डीएस गुसाईं ने किया।

## पेयजल समस्या के समाधान को कांडा की ग्राम प्रधान ने की मांग

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** रिखणीखाल ब्लॉक की ग्राम पंचायत कांडा में पेयजल संकट गहरा गया है। प्रधान बिनीता ध्यानी ने समस्या के समाधान की मांग करते हुए पेयजल निर्माण निगम द्वितीय शाखा के अधिशासी अभियंता अजय बेलवाल से मुलाकात कर उनको ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि ग्राम पंचायत के खेड़ा, तूणीचौड़, गजरोड़ा और बैडवाड़ी गांवों में पेयजल की गंभीर समस्या है। इन गांवों को डांडापाणी रौला से पानी मिलता है, जो सुचारू नहीं है। वहीं बुडोला खोला के लिए केरिगाड स्रोत और सौंटियाल खोला चौड़ के लिए खलगड़ी रौला की योजनाएं भी ठीक से काम नहीं कर रही है। गांव के कई तोकों में पानी की आपूर्ति बाधित है। खेड़ा, बैडवाड़ी, गजरोड़ा का वितरण टैंक मात्र पांच हजार लीटर का है जो 40 परिवारों के लिए पर्याप्त नहीं है। कहा कि वन्य जीव और आपदा से भी पेयजल लाइन क्षतिग्रस्त होती रहती है। वहीं अधिशासी अभियंता ने समस्या का उचित समाधान करने का आश्वासन दिया।

## जनजातीय बाहुल्य क्षेत्रों में लगाये जायेंगे बहुउद्देशीय शिविर

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** भारत सरकार की प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान योजना एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत 18 से 25 मई तक जनभागीदारी-सबसे दूर, सबसे पहले,जागरुकता अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत कोटद्वार तहसील के जनजातीय बाहुल्य क्षेत्रों में बहुउद्देशीय शिविरों का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी रोहित सिंह दुबड़िया ने बताया कि जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया के निर्देशन में 23 मई को शिवराजपुर तथा 25 मई को बोक्सा जनजाति विद्यालय, हल्दूखाता मल्ला में प्रात: 10 बजे से सायं 4 बजे तक शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं से संबंधित सेवाएं एवं लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराए जाएंगे। बताया कि शिविरों में उक्त लोगों को आधार कार्ड निर्माण एवं संशोधन, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना, दिव्यांग प्रमाण-पत्र, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, पशु चिकित्सा सेवाएं, प्रधानमंत्री जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, विभिन्न पेंशन योजनाएं, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, यूडीआईडी कार्ड पंजीकरण, राशन कार्ड एवं उज्ज्वला योजना सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा।

**23 को शिवराजपुर व 25 को लगेंगे हल्दूखाता में**

## प्रशिक्षण महाअभियान से भाजपा के 38 हजार से अधिक कार्यकर्ता तैयार

### मंडल और जिला स्तर के बाद अब मोर्चो, प्रकोष्ठों एवं प्रदेश स्तरीय प्रशिक्षण की तैयारी



**देहरादून ( चिंगारी )।** भारतीय जनता पार्टी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत उत्तराखंड में 38 हजार से अधिक कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित कर आगामी राजनीतिक और सामाजिक चुनौतियों के लिए तैयार किया है। दो महीने से अधिक समय तक चले इस अभियान में संगठन के मंडल और जिला स्तर तक व्यापक प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए। अब पार्टी अगले चरण में मोर्चों, प्रकोष्ठों और प्रदेश स्तरीय कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण की तैयारी में जुट गई है।

भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं प्रशिक्षण अभियान के प्रदेश संयोजक कुंदन परिहार ने जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी संविधान के अनुरूप देशभर में कार्यकर्ताओं के लिए विशेष प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में भाजपा उत्तराखंड इकाई ने अपने सभी 304 सांगठनिक मंडलों और 19 जिलों में प्रशिक्षण सत्र सफलतापूर्वक संपन्न कराए हैं।

उन्होंने बताया कि 7 मार्च से 15 अप्रैल के बीच आयोजित मंडल स्तरीय प्रशिक्षण वर्गों में कुल 35,498 कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इन एक दिवसीय प्रशिक्षण सत्रों में सात अलग-अलग विषयों पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। मंडल स्तर के प्रशिक्षण वर्गों में संबंधित मंत्रियों, विधायकों, प्रदेश पदाधिकारियों, जिला पदाधिकारियों तथा सरकार में दायित्वधारियों ने कार्यकर्ताओं को संगठन, विचारधारा और जनसंपर्क से जुड़े विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन दिया।

इसके बाद 15 अप्रैल से 20 मई तक पार्टी के सभी 19 सांगठनिक जिलों में जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किए गए। इन दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों में कुल 3244 कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इन वर्गों में 12 सत्रों के माध्यम से विभिन्न विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में एक रात्रि प्रवास को भी अनिवार्य रखा गया था। इन कार्यक्रमों में मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष, संबंधित मंत्री, विधायक, प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी एवं सरकार में दायित्वधारी भी शामिल हुए।

## पीएम उज्ज्वला योजना का लाभ न मिलने से परेशान महिलाओं ने एसडीएम से कहा- करें समस्या का समाधान



पूर्व भाजपा विधायक डॉ. इंद्रदेव सिंह पीड़ित महिलाओं के साथ।

**धामपुर ( चिंगारी )।** आपूर्ति विभाग द्वारा ग्राम पुराना धामपुर की महिलाओं के राशन कार्ड निरस्त कर दिए जाने के कारण प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का लाभ लेने में आ रही परेशानी को लेकर दर्जनों महिलाएं गुरुवार को उपजिलाधिकारी और आपूर्ति विभाग कार्यालय पहुंचीं और समस्या का समाधान किए जाने की मांग की। महिलाओं ने बताया कि आपूर्ति विभाग द्वारा उनके राशन कार्ड काट दिए जाने के कारण उन्हें उज्जवला योजना का लाभ प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

उज्ज्वला योजना लाभार्थी विभाग के जिला चैयरमैन पूर्व विधायक डॉ. इंद्रदेव सिंह से इस संबंध में भाजपा जिला मंत्री मिथिलेश चौधरी के नेतृत्व में गांव पुराना धामपुर क्षेत्र की करीब एक दर्जन महिलाएं उज्ज्वला योजना का लाभ लेने के लिए मिली थीं। इस दौरान उन्होंने लाभार्थियों से आवश्यक दस्तावेज और राशन कार्ड उपलब्ध कराने को कहा। इस दौरान जांच में पता चला कि कई महिलाओं के राशन कार्ड आपूर्ति विभाग द्वारा विभिन्न कारणों से काट दिए गए हैं। राशन कार्ड निरस्त होने के कारण महिलाएं योजना का लाभ लेने से वंचित हो रही हैं। समस्या का समाधान न होने पर उज्जवला योजना लाभार्थी विभाग के चैयरमेन डॉ. इंद्रदेव सिंह स्वयं महिलाओं के साथ उपजिलाधिकारी सुश्री स्मृति मिश्रा से मिलने उनके कार्यालय पहुंचे और उन्हें पूरे मामले से अवगत कराया। महिलाओं ने कहा कि वे योजना की पात्र हैं, लेकिन राशन कार्ड कट जाने से उन्हें सरकारी योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इसके बाद डॉ. इंद्रदेव सिंह और महिलाएं आपूर्ति विभाग कार्यालय भी पहुंचे, जहां संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर समस्या के समाधान की मांग की गई।

इस दौरान मिथिलेश चौधरी, उमेश चौहान बीना, कविता, रूबी, छाया, पूनम, रेनी, रवीता , सीमा, गोपाल सिंह, नरेंद्र सहित अनेक महिलाएं मौजूद रहीं।

### उप जिलाधिकारी का कहना है..

**उप जिलाधिकारी सुश्री स्मृति मिश्रा ने बताया कि जिन महिलाओं ने राशन कार्ड निरस्त किए जाने की शिकायत की है उनसे लिस्ट उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है ताकि प्रत्येक उपभोक्ता के नाम का सत्यापन किया जा सके। सत्यापन के बाद जो उपभोक्ता पात्र होंगे उनका राशन कार्ड दोबारा बनवाया जाएगा और यदि वह अपात्र होंगे तो उसका कारण भी स्पष्ट किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता के साथ जांच की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार द्वारा नए गैस कनेक्शन को बंद कर दिया गया है, इसलिए उज्ज्वला योजना में नए गैस कनेक्शन फिलहाल मिल पाना संभव नहीं है।**

## आधुनिक सोच व संवेदनशील नेतृत्व के प्रतीक थे राजीव गांधी : नेगी

### पार्टी कार्यालय पर एकत्र हुये इंकाई पूर्व प्रधानमंत्री की पुण्यतिथि मनाई

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** भारत रत्न, आधुनिक भारत के निर्माता पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर जिला एवं महानगर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर से पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेन्द्र सिंह नेगी ने कहा कि वे भारत की राजनीति में दूरदर्शिता, आधुनिक सोच और संवेदनशील नेतृत्व के प्रतीक थे। उन्होंने ऐसे भारत की कल्पना की थी, जहां गांव, गरीब, किसान, युवा, महिलाएं और आम नागरिक विकास की मुख्यधारा से जुड़ सकें। उन्होंने देश में कंप्यूटर एवं सूचना प्रौद्योगिकी क्रांति की मजबूत नींव रखकर देश को आधुनिक युग की दिशा देने का ऐतिहासिक कार्य किया। उन्होंने दूरसंचार व्यवस्था को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए उल्लेखनीय कार्य किए। पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत कर गांवों तक लोकतंत्र पहुंचाने की सोच स्व. राजीव गांधी की ऐतिहासिक देन थी। साथ ही स्थानीय निकायों एवं पंचायतों में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की अवधारणा को आगे बढ़ाकर उन्होंने महिलाओं को राजनीतिक नेतृत्व से जोड़ने का कार्य किया। मतदान की आयु 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष करना युवाओं पर उनके विश्वास का सबसे बड़ा उदाहरण था। ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभाशाली बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के उद्देश्य से जवाहर नवोदय विद्यालयों की स्थापना भी उन्होंने ही की थी। कहा कि देश हित में उनके द्वारा किए गए कार्यों को हमेशा याद किया जाता रहेगा। पुष्पांजलि अर्पित करने वालों में महानगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मीना बछवाण, कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीन रावत, सुधा असवाल जी, विजय नारायण सिंह, धीरेंद्र बिष्ट, विजय माहेश्वरी और सुनील सेमवाल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## दुगड्डा ब्लॉक कमेटी ने भी अर्पित किये श्रद्धा सुमन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर दुगड्डा ब्लाक कांग्रेस कमेटी की ओर से दुगड्डा में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष राजीव जखमोला ने कहा कि बहुमुखी प्रतिभा के धनी स्व. राजीव गांधी ने प्रारंभिक शिक्षा बेलहम स्कूल देहरादून में ग्रहण करने के बाद उच्च शिक्षा और केमिकल इंजीनियरिंग की डिग्री कैम्ब्रिज विवि लंदन से प्राप्त कर विमान संचालन प्रशिक्षण प्राप्त करके इंडियन एयरलाइंस में नौकरी भी की। तत्पश्चात 31 अक्टूबर 1984 को अपनी मां व देश की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद उन्होंने देश की बागडोर संभाली। नगर अध्यक्ष रितेश ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्रित्व काल में उनकी महान उपलब्धियों में सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कंप्यूटरीकृत व्यवस्था का विकास, राजनीति में सुचिता लाने के लिए दलबदल कानून बनाना, महिला सम्मान और सशक्तीकरण के लिए पंचायती राज विधेयक में महिलाओ के लिए आरक्षण व्यवस्था करना व चुनावों में वोट देने के लिए आयु सीमा 21 से 18 वर्ष करना शामिल हैं। इसके अलावा भी उन्होंने देशहित में अनेकों उल्लेखनीय कार्य किए, जिन्हें हमेशा याद किया जाता रहेगा। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद डबराल, ब्लाक अध्यक्ष यमकेश्वर अनिल रतूड़ी, पूर्व नगर अध्यक्ष दुगड्डा हरेंद्र सिंह रावत, शिव सिंह रावत, धर्मेंद्र गोयल, विजय कुमार और महावीर नेगी सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ज्ञानसू और बसूंगा के जंगलों में धधकी भीषण आग

### बस्तियों और गौशालाओं पर मंडराया खतरा

**उत्तरकाशी ( चिंगारी )।** जनपद मुख्यालय के समीप नगर क्षेत्र के ज्ञानसू और बसूंगा गांव के जंगलों में लगी भीषण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया है। तेज गर्मी और चीड़ के सूखे जंगलों के कारण आग तेजी से फैल रही है, जिससे आसपास की बस्तियों, गौशालाओं और आश्रमों पर खतरा मंडराने लगा है। सूचना मिलते ही वन विभाग, अग्निशमन विभाग और एनडीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। पिछले तीन दिनों से जिले में लगातार बढ़ रहे तापमान और सूखे मौसम के चलते जंगलों में आग की घटनाएं बढ़ गई हैं। बाड़ाहाट रेंज के अंतर्गत ज्ञानसू और बसूंगा क्षेत्र के जंगलों में चीड़ की सूखी पत्तियों ने आग को और भयावह बना दिया है। पहाड़ी ढलानों और घने जंगलों के बीच आग की ऊंची लपटें दूर-दूर तक दिखाई दे रही हैं, जबकि धुएं के गुबार से आसपास का वातावरण प्रभावित हो गया है। वन विभाग के कर्मचारी और अग्निशमन दल ज्ञानसू-साल्ड मोटर मार्ग के आसपास फायर लाइन बनाकर आग को बस्ती की ओर बढ़ने से रोकने में जुटे हुए हैं।

### वन रेज अधिकारी ने कहा...

**बाड़ाहाट वन रेंज अधिकारी मुकेश रतूड़ी ने बताया कि ज्ञानसू और बसूंगा क्षेत्र में आग पर नियंत्रण पाने के लिए वन विभाग की अलग-अलग टीमें लगातार काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि चीड़ के जंगलों में गिरी सूखी पत्तियों के कारण आग तेजी से फैल रही है, जिससे चुनौती और बढ़ गई है। अग्निशमन विभाग की टीमें भी लगातार मौके पर डटी हुई हैं और आग को आबादी वाले क्षेत्रों तक पहुंचने से रोकने के प्रयास जारी हैं।**

## चारधाम यात्रा में शॉर्टकट रास्ता अपनाना पड़ा भारी

### रास्ता भटके 4 यात्रियों को बचाव दल ने किया रेस्क्यू

**रुद्रप्रयाग ( चिंगारी )।** केदारनाथ धाम यात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर रुद्रप्रयाग पुलिस लगातार सतर्क एवं मुस्तैद है। बीती रात्रि मुख्य यात्रा मार्ग छोड़कर जल्दी नीचे पहुंचने की कोशिश में चार दिल्ली निवासी श्रद्धालु भीमबली और लिंचोली के मध्य नदी किनारे अत्यंत दुर्गम एवं संकरे क्षेत्र में फंस गए। अंधेरा बढ़ने और रास्ता बेहद खतरनाक होने के कारण श्रद्धालुओं की जान जोखिम में पड़ गई। सूचना मिलते ही पुलिस कंट्रोल रूम रुद्रप्रयाग ने तत्काल रेस्क्यू अभियान शुरू कराया।



चौकी भीमबली से अपर उपनिरीक्षक यशपाल सिंह मय पुलिस बल तथा चौकी लिंचोली से चौकी प्रभारी अनूप शर्मा अपनी टीम के साथ मौके के लिए रवाना हुए। साथ ही वाईएमएफ लीडर चंद्रप्रकाश एवं डीडीआरएफ टीम को भी तत्काल सक्रिय किया गया। घने अंधेरे, फिसलन भरे पहाड़ी रास्तों और तेज बहाव वाली नदी के बीच संयुक्त रेस्क्यू टीम ने अदम्य साहस और बेहतर समन्वय का परिचय देते हुए घंटों अभियान चलाकर चारों श्रद्धालुओं को खोज निकाला। रस्सियों और अन्य सुरक्षा उपकरणों की मदद से सभी श्रद्धालुओं को सुरक्षित मुख्य यात्रा मार्ग तक लाया गया। सुरक्षित रेस्क्यू होने पर श्रद्धालुओं ने रुद्रप्रयाग पुलिस, वाईएमएफ एवं डीडीआरएफ टीम का आभार व्यक्त किया। रेस्क्यू किए गए श्रद्धालुओं में राहुल तिवारी निवासी कृष्णा नगर पूर्वी दिल्ली, रोहन रावत निवासी संगम विहार दिल्ली, कुमारी झंकार निवासी सीलमपुर दिल्ली तथा कुमारी निकिता निवासी संगम विहार दिल्ली शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक नीहारिका तोमर ने केदारनाथ यात्रा पर आने वाले सभी श्रद्धालुओं से अपील करते हुए कहा है कि यात्रा के दौरान केवल निर्धारित मुख्य पैदल मार्ग का ही उपयोग करें। पहाड़ी क्षेत्रों में शॉर्टकट और अनजान रास्तों का प्रयोग जानलेवा साबित हो सकता है।

## 100 प्रतिशत दिव्यांग पिता और 65 प्रतिशत दिव्यांग मां के परिवार को जिला प्रशासन का सहारा

### कोविड में उजड़ा रोजगार, 64 हजार के कर्ज से दबे परिवार को डीएम ने दिलाई राहत



**देहरादून ( चिंगारी )।** मुख्यमंत्री के जनसेवा संकल्प और मार्गदर्शन में जिला प्रशासन देहरादून ने एक बार फिर संवेदनशील एवं मानवीय प्रशासन का परिचय दिया है। आर्थिक तंगी, दिव्यांगता और कर्ज के बोझ तले दबे एक परिवार की फरियाद पर जिलाधिकारी सविन बंसल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए न केवल 64 हजार रुपये से अधिक का ऋण जमा कराया, बल्कि परिवार के पुनर्वास और बेटियों की शिक्षा के लिए भी मदद के हाथ बढ़ाए।


ईस्ट पटेल नगर निवासी संजीव कुमार शत-प्रतिशत दिव्यांग हैं, जबकि उनकी पत्नी 65 प्रतिशत दिव्यांग हैं। परिवार में तीन नौनिहाल बेटियां हैं। सीमित संसाधनों और दिव्यांगता के बावजूद संजीव परिवार का पालन-पोषण करने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन कोविड महामारी ने उनकी जिंदगी को पूरी तरह बदल दिया। संजीव कुमार ने वर्ष 2018 में उत्तराखण्ड बहुउद्देशीय वित्त एवं विकास निगम, देहरादून से मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान खोलने के लिए 50 हजार रुपये का ऋण लिया था। शुरुआती दौर में उन्होंने 15 से 20 किश्तों का भुगतान भी किया, लेकिन वर्ष 2020 में कोरोना महामारी और लॉकडाउन के चलते उनका व्यवसाय पूरी तरह ठप हो गया।

आर्थिक स्थिति बिगड़ने के कारण वे ऋण की शेष किश्तें जमा नहीं कर सके। इसके बाद निगम द्वारा 64 हजार 915 रुपये की आरसी तहसील देहरादून भेज दी गई। दिव्यांग दंपति केवल 3000 रुपये मासिक पेंशन के सहारे परिवार चला रहे थे। हालात इतने खराब हो चुके थे कि बेटियों की पढ़ाई भी प्रभावित होने लगी थी। संजीव कुमार ने जिलाधिकारी के समक्ष पेश होकर बताया कि अमीन द्वारा तहसील जेल भेजने की धमकी दी जा रही है, जिससे पूरा परिवार मानसिक तनाव और भय में जी रहा था।

मामले की गंभीरता और मानवीय पक्ष को देखते हुए जिलाधिकारी सविन बंसल ने तत्काल संज्ञान लिया। उन्होंने प्रभारी अधिकारी शस्त्र को निर्देश दिए कि संजीव कुमार की बकाया ऋण राशि सीएसआर फंड से जमा कराई जाए, ताकि परिवार को राहत मिल सके और आरसी की कार्रवाई समाप्त हो सके। जिला प्रशासन ने सीएसआर फंड से 64,915 रुपये की ऋण राशि जमा कराई। इसके साथ ही परिवार को पुनः रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से रायफल क्लब फंड से 25 हजार रुपये की आर्थिक सहायता भी प्रदान की गई।

**जिला प्रशासन की इस संवेदनशील पहल ने एक जरूरतमंद परिवार को नया जीवन और आत्मविश्वास दिया है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में आने वाले ऐसे मामलों में संवेदनशीलता के साथ प्राथमिकता पर कार्रवाई की जाए, ताकि कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति सहायता से वंचित न रहे। यह पूरा प्रकरण दर्शाता है कि जिला प्रशासन केवल प्रशासनिक दायित्वों तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक राहत और सहारा पहुंचाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है।**

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**



नवनिर्माण के 9 वर्ष



# ऊर्जा बनी प्रगति की पहचान उत्तर प्रदेश

**24 घण्टे** जनपद मुख्यालय में विद्युत आपूर्ति

**22 घण्टे** तहसील मुख्यालय में विद्युत आपूर्ति

**20 घण्टे** ग्रामीण क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति

### उत्पादन क्षेत्र : उपलब्धियों की नई ऊर्जा

- प्रदेश में कुल उत्पादन क्षमता बढ़कर 32,259 मेगावाट पहुंची।
- वर्तमान में उत्पादन क्षेत्र में कुल अनुबंधित क्षमता 55,860 मेगावाट है।
- खुर्जा सुपर थर्मल परियोजना की पहली यूनिट 26 जनवरी 2025 से उत्पादनरत।
- घाटमपुर तापीय परियोजना की दूसरी इकाई से नवंबर 2025 में पूर्ण भार प्राप्त।
- जवाहरपुर तापीय परियोजना की दोनों इकाइयों से व्यावसायिक उत्पादन शुरू।
- ओबरा 'सी' तापीय परियोजना की दोनों इकाइयों से उत्पादन प्रारंभ।
- पनकी तापीय परियोजना की इकाई से 24 अप्रैल 2025 से व्यावसायिक उत्पादन शुरू।


### ऊर्जा प्रवाह तंत्र क्षेत्र : मजबूत ट्रांसमिशन नेटवर्क की दिशा में उत्तर प्रदेश

- ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर कार्यों में उत्तर प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर।
- पारेषण क्षमता 17,890 मेगावाट से बढ़कर 31,500 मेगावाट हुई।
- विद्युत आयात क्षमता 7,800 मेगावाट से बढ़कर 16,700 मेगावाट हुई।
- कुल 26,091 सर्किट किलोमीटर पारेषण लाइनों का ऊर्जीकरण किया गया।
- यूपी पावर ट्रांसमिशन को "ट्रांसमिशन कंपनी ऑफ द ईयर-स्टेट ट्रांसको" राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त।

### वितरण क्षेत्र : उपभोक्ताओं तक बेहतर बिजली सेवा

- वर्ष 2025-26 में अधिकतम 31,486 मेगावाट बिजली आपूर्ति का रिकॉर्ड।
- वर्ष 2017 से अब तक 765 नए 33/11 केवी उपकेंद्रों का ऊर्जीकरण।
- 2,455 उपकेंद्रों की क्षमता वृद्धि की गई।
- 1 अप्रैल 2023 से निजी नलकूप किसानों को मुफ्त बिजली आपूर्ति का निर्णय।
- बिजली बिल राहत योजना के तहत उपभोक्ताओं को विशेष छूट।
- ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्तता दर में उल्लेखनीय कमी आई।
- रिवेम्प डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम में उत्तर प्रदेश प्रथम स्थान पर।
- स्मार्ट मीटरिंग अभियान के तहत लाखों उपभोक्ता मीटर स्थापित।
- 20 हजार फीडर मीटर स्थापना का लक्ष्य 100% पूरा।









उत्तर प्रदेश पॉवर कॉरपोरेशन हेल्प लाइन नंबर **1912**

**शिकायत का त्वरित समाधान**
मोबाइल ऐप, ग्राहक सेवा केंद्र के माध्यम से बिजली बिल सम्बन्धी समस्याओं का समाधान

**बेहतर बुनियादी ढांचा**
पुराने ट्रांसफॉर्मर कमजोर तार और खराब कनेक्शन से मुक्ति निजीकरण से सुरक्षित बिजली

**स्पष्ट और सटीक बिल**
बेहतर तकनीक और बेहतर निगरानी के साथ सटीक और समय पर बिल मिलेंगे

**चौबीसों घंटे सेवा**
निजी ऑपरेटरों का लक्ष्य चौबीसों घंटे बिजली उपलब्ध कराना

## ऊर्जा क्षेत्र की प्रमुख उपलब्धियां

- निर्धारित रोस्टर के अनुसार प्रदेश में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।
- 60 नए 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र ऊर्जीकृत तथा 1109 उपकेंद्रों की क्षमता वृद्धि की गई।
- बिजनेस प्लान 2024-25 के अंतर्गत 28 नए उपकेंद्रों का निर्माण एवं 576 उपकेंद्रों की क्षमता बढ़ाने का कार्य पूर्ण।
- अप्रैल 2022 से दिसंबर 2025 तक किसानों के 2.42 लाख निजी नलकूपों को विद्युत संयोजन प्रदान किए गए।
- आरडीएसएस योजना के तहत 2.51 लाख+ छूटे हुए घरों का विद्युतीकरण कराया गया।
- लाइन लॉस कम करने हेतु 1.24 लाख+ सर्किट किलोमीटर एलटी लाइन को एबी केबल में परिवर्तित किया गया।
- वर्ष 2024-25 में लाइन लॉस घटकर 13.77 प्रतिशत रहा।
- एकमुश्त समाधान योजना से 51.36 लाख+ उपभोक्ताओं को लाभ मिला।
- बिजली बिल राहत योजना से 30.99 लाख उपभोक्ताओं ने पंजीकरण कराया एवं ₹3543.42 करोड़ राजस्व प्राप्त हुआ।
- बिजली चोरी प्रकरणों में 78,698 उपभोक्ताओं ने पंजीकरण कराया, जिससे ₹152.30 करोड़ राजस्व प्राप्त हुआ।
- झटपट पोर्टल के माध्यम से नवंबर 2025 तक 9.03 लाख+ नए विद्युत संयोजन जारी किए गए।
- उपभोक्ताओं को घर बैठे नए कनेक्शन एवं ऑनलाइन बिल भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराई गई।
- बुंदेलखंड क्षेत्र के किसानों को सिंचाई हेतु सीजनल टैरिफ एवं अस्थायी विद्युत संयोजन की सुविधा दी गई।
- इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशनों हेतु राज्य परिवहन को भी वर्तमान टैरिफ का लाभ प्रदान किया गया।
- उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम ने 25 मई 2025 को 192.1049 मेगावॉट से अधिक का रिकॉर्ड विद्युत उत्पादन किया।
- यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 में नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में निवेश हेतु एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के साथ एमओयू हस्ताक्षरित किया गया।
- यूपी पावर ट्रांसमिशन कॉर्पोरेशन ने 11 जून 2025 को 31,486 मेगावॉट की उच्चतम मांग का सफल वहन किया।

**विकास की गति अपार-डबल इंजन सरकार**

ADVERTORIAL